शनिवार, 18 अक्टूबर 2025

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in


# समाज्ञा

शुभ धनतेरस

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और सात पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : इच्छा खुद की हो तो अच्छी लगती है, दूसरे की हमेशा खटकती है।



## जन-संवाद की सुबह, फाइल-मंथन की सांझ

पहली नजर में बड़े पद की चमक-दमक का अपना सम्मोहन होता है, लेकिन हकीकत में जिम्मेदारी-जवाबदेही व विपरीत चुनौतियों में सामंजस्य बैठाना कांटों का ताज पहनने जैसा ही होता है। अंतहीन जन-अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना उतना ही कठिन होता है। वैसे किसी सत्ता का एक साल बहुत लंबी अवधि नहीं होती। उसके आधार पर अंतिम मूल्यांकन करना भी जल्दबाजी ही कही जाएगी, लेकिन इससे किसी नेतृत्व या सरकार की दिशा-दशा को बोध तो हो जाता है। कमोबेश, यह कसौटी हरियाणा में एक साल पूरा कर रही नायब सैनी सरकार के लिये भी है। सामाजिक न्याय के समीकरण संतुलन की कवायद के क्रम में भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने वाले नायब सैनी की इस पद पर ताजपोशी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पसंद रही है। जब नरेंद्र मोदी चंडीगढ़-हरियाणा में संगठन का दायित्व निभा रहे थे, तो सैनी उनके कार्यालय सहयोगी थे। इस मायने में बिना राजनीतिक व समृद्ध आर्थिक पृष्ठभूमि के राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने को एक बड़ी कामयाबी कहा जा सकता है। उनके राजनीतिक विरोधी भी उनकी सदाबहार मुस्कान-विनोदप्रियता के कायल रहे हैं। वे विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं को सम्मान सार्वजनिक रूप से देते नजर आते हैं, लेकिन पिछले विधानसभा सत्र में मुद्दों पर विपक्षी नेताओं को आड़े हाथों लेने से भी वे नहीं चूके। वैसे तो उनके एक साल के कार्यकाल में कई चुनौतियां सामने आती-जाती रही हैं, लेकिन हाल ही में एडीजीपी वाई.पूरन कुमार व एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या ने सरकार के सामने असहज स्थिति व बड़ी चुनौती पेश की। हालांकि, देर से ही सही फौरी तौर पर मामले का पटाक्षेप हुआ, लेकिन इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुद्दे की संवेदनशीलता को महसूस कर कदम बढ़ाए। एडीजीपी द्वारा आत्महत्या की खबर उन्हें जापान दौरे के दौरान मिली तो उन्होंने दौरे में शामिल उनकी पत्नी अमनीत को अधिकारियों के साथ तुरंत भारत भेजा। भारत आते ही खुद भी वे सीधे एडीजीपी के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे, तो एएसआई संदीप लाठर के घर भी परिवार को संबल देने गए।

बहरहाल, ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ नायब सैनी को जरूर मिला है। कई विकास योजनाएं कायदे से सिरे चढ़ी हैं। लेकिन लाडो लक्ष्मी योजना ट्रंप कार्ड साबित हुई है। विधानसभा चुनावों में इस योजना के वायदे का छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र चुनावों की तर्ज पर हरियाणा में भी भाजपा को खासा लाभ मिला। मिले परिणामों ने तमाम कयासों को निरर्थक साबित किया। हर जरूरतमंद महिला को सरकार की तरफ से 21 सौ रुपये मिलना, उन्हें आर्थिक स्वावलंबन देना ही है। पहले चरण में बाइस लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। निस्संदेह, कमजोर वर्ग के लोगों के लिये अपनी छत का सपना पूरा करना एक दुष्कर कार्य है। हरियाणा सरकार ने दस हजार से अधिक आबादी वाले महाग्रामों में गरीबों को पचास-पचास गज व छोटे गांवों में सौ-सौ गज के प्लाट उपलब्ध कराये। शहरों में ये 25 गज के रहे। वहीं प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत मिलने वाले ढाई-ढाई लाख रुपये ने उनके घर के सपने को हकीकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की खासियत लोगों के साथ सहज उपलब्धता है। उनकी सुबह कबीर कुटीर में जन संवाद से शुरू होती है और रात फाइलों के साथ खत्म होती है। जनता के लिये सहज उपलब्धता और निरंतर संवाद लोकतंत्र की अपरिहार्य शर्त होती है। उनके चंडीगढ़ आवास में सुबह से ही मिलने वाले लोगों का तांता लगा रहता है। निस्संदेह, आम जन ही सरकार को बेहतर फीडबैक दे सकते हैं, जो नौकरशाही की जटिलताओं के चलते सहज अभिव्यक्ति नहीं दे पाते। बेरोजगारी की समस्या किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। राज्य में चौबीस हजार बेरोजगारों को ग्रुप सी की नौकरियां देना राज्य सरकार की उपलब्धि के तौर पर देखा गया। वहीं लोकसेवा आयोग के माध्यम से 1311 पदों पर चयन और एचकेआरएन पोर्टल को पारदर्शी भर्ती प्रणाली के रूप में विकसित करना, राज्य सरकार की रोजगार के साथ स्थायित्व की नीति का संकेत माना जा सकता है। विश्वास किया जाना चाहिए कि नायब सरकार आने वाले चार सालों में जनाकांक्षाओं की कसौटी पर पूरी तरह खरी उतर पाएगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 अक्टूबर, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, कार्तिक कृष्णपक्ष द्वादशी, 12:21 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 15:39 तक, योग : ब्रह्मा, 25:39 तक, सूर्योदय: 5:34, सूर्यास्त: 17:10, चन्द्रोदय : 02:41, चन्द्रास्त: 15:18, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 08:29 से 09:55

## राशिफल

**मेष :** आज मेष राशि के जातकों को राजनीतिक सहयोग मिलने के योग बन रहे हैं। जीविका के क्षेत्र में किए गए प्रयास अब धीरे-धीरे फलीभूत होंगे। विरोधी अपने प्रयासों में असफल रहेंगे।

**वृष :** आज द्वितीय भाव में बृहस्पति का अशुभ योग होने के बावजूद आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा। इस दौरान वृष राशि के जातकों के लिए धन, पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि के संकेत हैं।

**मिथुन :** आज सिंह राशि का चंद्रमा आपके पराक्रम को बढ़ा रहा है। धन और ऐश्वर्य की वृद्धि से कुछ शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा और शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** आज चंद्रमा आपके कोष भाव में संचार कर रहा है, जिससे कुछ अन्तर्विरोध उत्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक योजनाओं को बल मिलेगा। इस दौरान नए अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह :** आज चंद्रमा आपके प्रथम भाव में है और केतु अभीष्ट सिद्धि का कारक बन रहा है। इस दौरान आपके गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से लाभ मिल सकता है।

**कन्या :** आज आपकी राशि से द्वादश भाव में केतु और सप्तम राहु का योग है। आप कुछ विशेष कर दिखाने के लिए उत्साहित रहेंगे। ससुराल पक्ष से लाभ मिलने की संभावना है।

**तुला :** आज दशम घर का चंद्रमा और एकादश भाव में केतु आपके पराक्रम और पुरुषार्थ को बढ़ाएंगे। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक प्रयास सफल होंगे।

**वृश्चिक :** आज तुला राशि का स्वामी आपके द्वादश भाव में प्रभावी है। इस दौरान पुराने रोग और ऋण से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक दिशा में किए गए प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु :** आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि में मार्गी है। गुप्त शत्रु और ईर्ष्यालु साथियों से आज के दिन आपको सतर्क रहना होगा। आर्थिक दिशा में किए हुए आपके प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** तृतीय शनि और षष्ठम गुरु का प्रभाव आपके लिए लाभकारी रहेगा। नवम भाव में केतु विवेकपूर्ण कार्य संपादन और रोजगार में सफलता दिलाएगा। प्रियजनों से भेंट होने की संभावना है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों के राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है।

**मीन :** आज चंद्रमा आपके षष्ठम भाव में है और लक्ष्मी विजय का संकेत दे रहा है। पुराने झगड़े और समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उपहार और सम्मान प्राप्त होंगे।

# दीप पर्व का आरंभ है समृद्धि दायक धनतेरस



डॉ घनश्याम बादल

आज के युग में धन से ही जीवन में रस है और शायद इस युक्ति को मानते हुए 'धन ते रस' यानी यानी 'धनतेरस' का पर्व मनाया जाता है कहते हैं इस पर्व को मनाने से जीवन में धन की वर्षा होती है। इस वर्ष दिवाली 21 अक्तूबर को मनाई जा रही है और धनतेरस 18 अक्तूबर को।

धनतेरस पर लक्ष्मी पूजा त्रयोदशी तिथि के दौरान प्रदोष काल में करने का विधान है।

इस बार धनतेरस पर सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। पंचाग के अनुसार अनुसार इस योग में शुभ कार्य करने पर उसमें सफलता हासिल होती है सर्वार्थ सिद्धि योग को शुभ माना गया है क्योंकि इसमें सभी सिद्धियों का वास होता है। सर्वार्थ सिद्धि योग पर राहुकाल का भी असर नहीं होता और खरीदारी करना शुभ फल देने वाला होता है। धनतेरस को धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि का जन्म हुआ था।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि त्रियोदशी तिथि को हाथों में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे।

**क्या खरीदना है शुभ**

धनतेरस पर सोना-चांदी,आभूषण और बर्तन की खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना गया है। धनतेरस पर खरीदी गई चीजों में तेरह गुने की वृद्धि होती है,

**पर्व / उत्सव:**

इसके अलावा झाड़ू और धनिए के बीज की भी खरीदारी करते हैं।हिंदू धर्म में झाड़ू का संबंध मां लक्ष्मी से माना जाता है, इसलिए धनतेरस के दिन घर में नई झाड़ू लाना भी अच्छा माना जाता है। इस धनतेरस पर यदि आप सोना चांदी नहीं खरीद पा रहे हैं तो झाड़ू जरूर खरीद कर लाएं।

**पीतल के बर्तन भी शुभ**

धनतेरस के दिन पीतल धातु खरीदना बहुत ही शुभ माना जाता है। इससे आपके घर में सुख-समृद्धि आती है। कहा जाता है कि जब समुद्र मंथन से धन्वंतरि देव प्रकट हुए थे, तो उनके हाथों में अमृत कलश था। धार्मिक मान्यता है कि ये कलश पीतल की धातु का था, इसलिए पीतल धन्वंतरि देव की धातु मानी गई है।

**दीया ज़रूर जलाएं**

धनतेरस पांच पर्वों की दिवाली श्रंखला का पहला पर्व होता है। धनतेरस की शाम को घर के मुख्य दरवाजे और आंगन में दीये जलाए जाते हैं। अतः आप भी धनतेरस पर घर के द्वार पर कच्चे पक्के दिए जलाना न भूलें कच्चे दिए आटे के और पक्के दिए मिट्टी के होते हैं।

**पौराणिक मान्यताएं**

पौराणिक मान्यता के अनुसार धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि,भगवान कुबेर के साथ माता लक्ष्मी की पूजा होती है। धनतेरस के दिन लक्ष्मी चालीसा, कुबेर यंत्र और कुबेर स्रोत का पाठ करने से धन के स्वामी भगवान कुबेर और माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है।

**लोककथा**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हीमा नाम का एक बेहद लोकप्रिय राजा था। ज्योतिषाचार्य ने राजा की कुंडली देखकर बताया कि राजा की मृत्यु एक सर्प के काटने से होगी। भविष्यवाणी सुनकर राजा की पत्नी बहुत भयभीत हो गई और अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए उन्होंने अपने सभी सोने व चांदी के आभूषण, एक बर्तन में रखकर कमरे की दहलीज पर रख दिया और उसके पास तेल का दीपक जला दिया। मृत्यु के देवता यम रात्रि में सर्प का रूप धारण कर राजा के प्राणों को हरने के लिए आएं। चमकते गहने और दीए की रोशनी से सर्प अंधा हो गया और कमरे के भीतर प्रवेश न कर सका। गहनों की चमक के कारण सर्प, राजा को काटे बगैर वापस लौट गया। इस तरह अपनी बुद्धिमत्ता और साहस से रानी ने राजा के प्राणों बाकी रक्षा कर ली थी।

## समीक्षा व्यापार

### धनतेरस से पहले सोना 3,200 रुपये उछलकर रिकॉर्ड 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी फिसली

**नयी दिल्ली :** धनतेरस से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मजबूत त्योहारी खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,200 रुपये बढ़कर 1,34,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी की कीमत में 7,000 रुपये की गिरावट आई। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,200 रुपये उछलकर 1,34,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह बृहस्पतिवार को 1,31,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान अधिक बिक्री की उम्मीद में स्टॉकिस्टों ने खरीदारी की। धनतेरस शनिवार को मनाया जाएगा, उसके बाद सोमवार को दिवाली मनाई जाएगी। धनतेरस के दिन कीमती धातुएं खरीदने को शुभ माना जाता है।

### ग्रामीण बैंक कृषि क्षेत्र को कर्ज वितरण बढ़ाने पर ध्यान दें: सीतारमण

**बेल्लारी (कर्नाटक) :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्रामीण बैंकों से कृषि क्षेत्र को ऋण वितरण बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा है कि नए ग्रामीण भारत की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए यह जरूरी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक ग्रामीण बैंक के व्यावसायिक प्रदर्शन की समीक्षा के दौरान यह बात कही। बैठक में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू, नाबार्ड के चेयरमैन शाजी के.वी. और वित्त मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में सीतारमण ने ऋण वृद्धि, गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए), वित्तीय समावेश और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे प्रमुख संकेतकों का मूल्यांकन किया। उन्होंने कर्नाटक ग्रामीण बैंक को जमीनी स्तर पर कृषि ऋण वितरण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने



और अर्थव्यवस्था के उभरते क्षेत्रों पर खास ध्यान देने का निर्देश दिया। वित्त मंत्री ने सभी हितधारकों को क्षेत्रीय स्तर की सहायक कृषि गतिविधियों की संभावनाओं को साकार करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। सीतारमण ने कहा, कर्नाटक ग्रामीण बैंक और केनरा बैंक को राज्य सरकार के विभागों के साथ मिलकर एमएसएमई और सहायक कृषि क्षेत्रों में ऋण वितरण बढ़ाने पर काम करना चाहिए। जीएसटी दरों में कटौती का जिक्र करते हुए सीतारमण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती खपत के कारण नए अवसर खुल रहे हैं, जिससे बैंकों के लिए वित्तपोषण की संभावनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने ग्रामीण बैंकों को इस अवसर का लाभ उठाने और कस्बाई एवं ग्रामीण इलाकों में ऋण जरूरतों को पूरा करने का निर्देश दिया।

### लगातार तीसरे दिन शेयर बाजारों में तेजी बरकरार, सेंसेक्स 484 अंक उछला

**मुंबई :** प्रमुख बैंकों एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 484 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 25,700 के ऊपर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 484.53 अंक यानी 0.58 प्रतिशत उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक बढ़कर 84,172.24 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 124.55 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,709.85 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 4.18 प्रतिशत की तेजी आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी लाभ में रहीं। हालांकि, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। ऑनलाइन कारोबार एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, भारतीय बाजारों ने कारोबारी सप्ताह का समापन मजबूती के साथ किया। निफ्टी और बैंक निफ्टी दोनों ने ही अहम मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया। इसके पीछे संस्थागत भागीदारी और व्यापक खरीदारी की भूमिका रही।

### भारतीय डाक 24 घंटे, 48 घंटे में 'डिलीवरी' की गांरटी के साथ नई सेवाएं करेगा पेश

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय डाक 24 घंटे और 48 घंटे में 'डिलीवरी' की गारंटी के साथ डाक एवं पार्सल सेवा शुरू करेगा। मंत्री ने कहा कि जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे डाक वितरण तथा अगले दिन पार्सल वितरण शुरू हो जाएगा। सिंधिया ने कहा, '' हम डाक और पार्सल की डिलीवरी की गारंटी के साथ नई सेवाएं पेश करने जा रहे हैं। 24 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा होगी जो 24 घंटे के भीतर डाक की डिलीवरी सुनिश्चित करेगी। इसी तरह, 48 घंटे के भीतर डिलीवरी के लिए 48 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा होगी।'' उन्होंने कहा कि ये सेवाएं जनवरी में शुरू की जाएंगी। मंत्री ने कहा कि पार्सल की अगले दिन डिलीवरी के लिए भी ऐसी ही सेवाएं होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पार्सल अगले दिन डिलीवर हो जाए जबकि अभी इसमें तीन से पांच दिन लगते हैं। सिंधिया ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2029 तक भारतीय डाक को 'लागत केंद्र' से 'लाभ केंद्र' में तब्दील करना है।

### भारतीय दूरसंचार सेवाएं वैश्विक स्तर पर शीर्ष तीन में शामिल: सिंधिया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय दूरसंचार सेवाएं विश्व स्तर पर शीर्ष तीन में शामिल हैं और इन्हें और बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि सेल स्तर पर सेवा की गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक अक्टूबर से और कड़े मानदंड लागू किए गए हैं। मंत्री ने कहा, ''यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारतीय दूरसंचार सेवाएं शीर्ष तीन देशों में शामिल हैं और इन्हें बेहतर बनाने के हमारे प्रयास जारी हैं।'' दूरसंचार नियामक ट्राई ने उन मानदंडों को लागू किया है, जिनका इस्तेमाल सर्कल स्तर से लेकर सेल स्तर तक सेवाओं की गुणवत्ता मापने के लिए किया जाता था। मंत्री ने कहा कि दूरसंचार परिचालकों ने नए मानदंडों के आधार पर पहली रिपोर्ट दी है और उन मुद्दों को हल करने के लिए चर्चा चल रही है, जहां सेवा की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं है।

### भारत का रूसी तेल आयात पिछली तिमाही में गिरावट के बाद अक्टूबर में बढ़ा




**नयी दिल्ली :** रूस से भारत का कच्चा तेल आयात अक्टूबर के पहले पखवाड़े में मजबूत हुआ, जिससे जुलाई-सितंबर के दौरान आवक में तीन महीने की गिरावट थम गई। जहाजों की आवाजाही से जुड़े आंकड़ो से यह जानकारी मिली। त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए रिफाइनरियां पूरी तरह से काम पर लौट आई हैं। रूस से आयात जून में 20 लाख बैरल प्रतिदिन से घटकर सितंबर में 16 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया था। अक्टूबर के आरंभ में हालांकि आंकड़ों से सुधार का संकेत मिलता है। भारत को यूराल और अन्य रूसी 'ग्रेड' के आयात में तेजी आई है जिसे पश्चिमी बाजारों में कमजोर मांग के बीच नए सिरे से छूट से समर्थन मिला है। वैश्विक व्यापार विश्लेषण कंपनी 'केप्लर' के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला है कि अक्टूबर में आयात लगभग 18 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रहा, जो पिछले महीने की तुलना में लगभग 2,50,000 बीपीडी की वृद्धि है (हालांकि चालू महीने के आंकड़ों में संशोधन हो सकता है)। ये आंकड़े अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 अक्टूबर के उस बयान से पहले के हैं जिसमें उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूसी कच्चे तेल के आयात को रोकने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी बातचीत की जानकारी नहीं है। केप्लर में प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग एवं मॉडलिंग) सुमित रिटोलिया का मानना है कि ट्रंप का बयान किसी आसन्न नीतिगत बदलाव का प्रतिबिंब होने के बजाय व्यापार वार्ता से जुड़ी दबाव की रणनीति अधिक है।

### लॉजिस्टिक लागत दिसंबर तक घटकर एकल अंक में आ जाएगी: गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के तेजी से विस्तार के चलते भारत में लॉजिस्टिक लागत इस साल दिसंबर तक घटकर एकल अंक में आ जाएगी। गडकरी ने एसोचैम के वार्षिक सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए कहा कि आईआईटी चेन्नई, आईआईटी कानपुर और आईआईएम बैंगलोर ने हाल में एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसके मुताबिक भारत में एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के निर्माण से देश की लॉजिस्टिक लागत पहले के 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा, ''भारत की लॉजिस्टिक लागत दिसंबर तक घटकर नौ प्रतिशत हो जाएगी, जिससे भारत को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। मुझे पूरा यकीन है कि इससे हमारे उद्योग को 100 प्रतिशत लाभ होगा। हमारे निर्यात और अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे।'' गौरतलब है कि अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत 12 प्रतिशत, यूरोपीय देशों में 12 प्रतिशत और चीन में 8-10 प्रतिशत है। भारत के वाहन क्षेत्र के बारे में मंत्री ने कहा, ''हमारा लक्ष्य पांच वर्षों के भीतर भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में अव्वल बनाना है।''

### महिंद्रा समूह, एम्ब्रेयर ने भारत में सैन्य परिवहन विमान पेश करने के लिए समझौता किया

**नयी दिल्ली :** महिंद्रा समूह ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारत में सी-390 मिलेनियम सैन्य परिवहन विमान पेश करने के लिए एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी के साथ एक समझौता किया है। मुंबई स्थित महिंद्रा समूह ने एक बयान में कहा कि एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी और महिंद्रा समूह ने भारतीय वायु सेना के मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) कार्यक्रम के लिए सी-390 मिलेनियम समाधान विकसित करने के लिए एक रणनीतिक सहयोग समझौते (एससीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता नयी दिल्ली के एरोसिटी में एम्ब्रेयर के राष्ट्रीय कार्यालय के उद्घाटन के साथ हुआ। यह समझौता फरवरी 2024 में नयी दिल्ली स्थित ब्राजील दूतावास में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन पर आधारित है। यह समझौता संयुक्त विपणन, औद्योगीकरण और भारत को सी-390 मिलेनियम के केंद्र के रूप में विकसित करने में मददगार होगा। इस समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से, सी-390 मिलेनियम विमान ने वैश्विक स्तर पर अपने संचालक आधार को और बढ़ाया है। बयान के मुताबिक एम्ब्रेयर और महिंद्रा समूह देश के हितधारकों के साथ मिलकर काम करेंगे और स्थानीय विनिर्माण, असेंबली सुविधाओं, आपूर्ति श्रृंखला और एमआरओ गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए करने के लिए भारत के सैन्य और एयरोस्पेस परिवेश से जुड़ेंगे।

## वर्ग पहेली नं. 3237

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | 6 | | | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | 11 | | 12 |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ | |
| ■ | | ■ | 16 | | ■ | ■ | 17 | | |
| 18 | | 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| | ■ | 22 | | 23 | ■ | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | | ■ |
| | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) लजाना, 2) गुठली, 3) पौधा लगाने का कूँड़ा, 4) सजीव होना, 5) नाम, 7) एक कंद, 9) तसल्ली, 11) परंपरानिष्ठ, 12) जुनूनी, 14) तल्लीन, 18) मूर्खतापूर्ण *(कृत्य)*, 19) निर्बुद्ध, 21) स्पष्टतः, 23) पीड़ा, 24) विश्वास; आस्था. *(उत्तरः अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) पियक्कड, 4) चिथड़े चिथड़े, 6) चमकना, 8) महीना, 10) लज्जा, 11) संपूर्ण, 13) अज्ञात, 15) प्रेषित, 16) सुन्न, 17) तन्मय, 18) निर्मित होना, 20) सुलभता, 22) पक्का रास्ता, 24) उत्पाद, 25) स्थिर; स्थायी, 26) सर्वसाधारण, 27) नमूना, 28) धागा.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ता | री | फ़ | ■ | ■ | क | व | च | ■ | घो |
| ■ | ■ | स | ल | वा | र | ■ | प | च | ड़ा |
| म | त | ल | ब | ■ | ■ | क | ल | ह | ■ |
| ■ | मा | ■ | रा | म | रा | म | ■ | क | ल |
| म | चा | न | ■ | श्र | र | ■ | प | ना | ह |
| ध्य | ■ | स | न | क | ■ | बाँ | ह | ■ | सु |
| प्र | भा | ■ | क | ■ | ह | ■ | ल | ग | न |
| दे | व | दा | सी | ■ | मा | ह | वा | र | ■ |
| श | ■ | म | र | हू | म | ■ | न | म | स्ते |

## सुडोकू-पहेली-3194

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | | | 3 | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | | | | 4 | 5 | | |
| | 6 | 9 | | 5 | | | | |
| | | | | | | 2 | | |
| | | | 1 | | | 7 | | 8 |
| 1 | 2 | | | | | 9 | | |
| | | | | | | | | 1 |
| 9 | | 3 | | | 6 | | | 5 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3193 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 5 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 5 | 7 | 2 | 8 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 7 | 3 |

शनिवार, 18 अक्टूबर 2025
ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
शुभ धनतेरस
# समाज्ञा
स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और सात पर
कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : इच्छा खुद की हो तो अच्छी लगती है, दूसरे की हमेशा खटकती है।




हिंदी भाषियों के खिलाफ दिए बयान पर ममता ने दी सफाई, कहा...

# ‘मेरी बात को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया’

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि भवानीपुर में दिए गए उनके ‘बाहरी लोगों’ वाले बयान की गलत व्याख्या की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने ‘बाहरी’ शब्द किसी समुदाय या क्षेत्र के निवासियों के लिए नहीं, बल्कि एक विशेष राजनीतिक दल के संदर्भ में कहा था, जो चुनाव के दौरान बाहरी लोगों को लाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कोशिश करता है। मुख्यमंत्री ने यह बयान शुक्रवार की शाम कोलकाता के गिरीश पार्क में काली पूजा के उद्घाटन समारोह के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि मेरी बात का अर्थ गलत निकाला जा रहा है। मैंने यहां रहने वाले किसी व्यक्ति के लिए ‘बाहरी’ शब्द का प्रयोग नहीं किया। मेरा इशारा उस राजनीतिक दल की ओर था जो चुनाव के समय बाहर से लोगों को लाकर हमारे वोटरों के नाम के पास नाम जोड़ता है, ताकि हमारे अपने मतदाता वोट न दे सकें।



**गिरीश पार्क फाइव स्टार स्पोर्टिंग क्लब के काली पूजा मंडप का उद्घाटन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किया। इस अवसर पर मंत्री सुजीत बोस, पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, युवा नेता सौम्य बक्शी, उनकी पत्नी सुदीप्ता बक्शी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।**

ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान कई बाहरी लोग होटल और गेस्ट हाउस किराए पर लेकर भवानीपुर में ठहरते हैं, जबकि कुछ पैसे वाले लोग फ्लैट खरीदकर अस्थायी रूप से बस जाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि एक ही व्यक्ति का नाम दो जगहों की मतदाता सूची में कैसे हो सकता है? मुख्यमंत्री ने कहा कि उस दिन वे अपने पार्षदों को डांट रही थीं। उन्होंने कहा कि मैं अपने पार्षदों से कह रही थी कि गरीबों की झुग्गियों को जबरन न तोड़ा जाए। गरीबों का रहना अपराध नहीं है। लेकिन अगर कोई जमीन खरीदकर गरीबों को हटा देता है, तो यह गलत है। हमें बंगाल आवास योजना के तहत गरीबों को घर देने में कोई आपत्ति नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कियहां के निवासी मेरे अपने हैं। मैं उन्हें प्यार करती हूं, उनके कार्यक्रमों में शामिल होती हूं। उन्होंने पार्षदों को चेताया कि शहर में नालों की सफाई और जल निकासी की स्थिति पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि हाल में बारिश के बाद कई बहुमंजिला इमारतों में पानी घुस गया था।

## पहले की सरकारें मजबूरी में सुधार करती थीं, अब हम दृढ़ विश्वास के साथ ऐसा करते हैं: मोदी




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि जहां पूर्व की सरकारें मजबूरी में सुधार करती थीं, वहीं उनकी सरकार इसे पूरी दृढ़ता के साथ करती है और हर जोखिम को सुधार में बदल दिया है। मोदी ने ‘एनडीटीवी वर्ल्ड समिट’ को संबोधित करते हुए कि भारत अब आतंकवादी हमलों के बाद चुप नहीं रहता, बल्कि सर्जिकल और हवाई हमलों के जरिये जवाब देता है। उन्होंने कहा, पूर्व की सरकारें मजबूरी में सुधार करती थीं, अब हम उन्हें दृढ़ विश्वास के साथ करते हैं। अनजान दौर दुनिया के लिए अनिश्चित हो सकता है, लेकिन भारत के लिए यह अवसर है क्योंकि वह (भारत) हमेशा जोखिमों को सुधारों में बदलता रहा है। मोदी ने कहा,...लेकिन हमने हर सुधार को दृढ़ता में और हर दृढ़ता को क्रांति में बदल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ‘‘भारत अब आतंकवादी हमलों के बाद चुप नहीं रहता बल्कि हवाई हमलों, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए मुंहतोड़ जवाब देता है।

## छत्तीसगढ़ में 210 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में वरिष्ठ पुलिस और अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों की मौजूदगी में माओवादियों के केंद्रीय समिति के एक सदस्य सहित 210 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों ने 19 एके-47 राइफल, 17 सेल्फ-लोडिंग राइफल, 23 इंसास राइफल, एक इंसास एलएमजी (लाइट मशीन गन), 36 .303 राइफल, चार कार्बाइन और 11 बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल) सहित 153 हथियारों को भी सुरक्षाबलों के सामने रखा। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में एक केंद्रीय समिति सदस्य, 21 डिविजनल कमेटी सदस्य और 61 एरिया कमेटी सदस्य शामिल हैं। सभी आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों का आदिवासी समुदाय के नेताओं ने औपचारिक रूप से मुख्यधारा में स्वागत किया और उन्हें फूल भेंट किए। बाद में, आत्मसमर्पण करने वाले कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ पुलिस और अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों तथा आदिवासी समुदाय के नेताओं ने तस्वीरें खिंचवाईं।






# दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को अस्पताल से मिली छुट्टी

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर में एमबीबीएस छात्रा से हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में आईक्यू सिटी फाउंडेशन ने पीड़िता का हेल्थ बुलेटिन जारी किया है। दुर्गापुर पीड़िता को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। आईक्यू सिटी फाउंडेशन द्वारा दुर्गापुर सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता को लेकर जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, हम आपको छात्रा की नवीनतम स्वास्थ्य स्थिति के बारे में सूचित करना चाहते हैं। हमारे मल्टीस्पेशलिटी मेडिकल बोर्ड ने उसकी शारीरिक और मानसिक स्थिति का पूरा ध्यान रखा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की हमारी टीम द्वारा व्यापक समीक्षा के बाद, उसे अस्पताल से छुट्टी के लिए उपयुक्त माना गया है। आईक्यू सिटी ने कहा कि इस मूल्यांकन पर उसके माता-पिता के साथ विधिवत चर्चा की गई है, और उसे शुक्रवार को अस्पताल से सुरक्षित छुट्टी दे दी गई है। हम चिकित्सा टीम के सभी सदस्यों को उनके अटूट समर्पण और देखभाल के लिए तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। हम जनता और मीडिया से भी अपील करते हैं कि इस दौरान वे छात्रा और उसके परिवार की निजता और गरिमा का सम्मान करते रहें। आइए, हम सामूहिक रूप से अटकलों के बजाय उपचार, करुणा और संवेदनशीलता को प्राथमिकता दें। संस्थान अपने सभी छात्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और भावनात्मक कल्याण के पोषण के लिए प्रतिबद्ध है, सहानुभूति, सम्मान और जिम्मेदारी के मूल्यों को बनाए रखता है।

## फोरेंसिक टीम फिर पहुंची घटनास्थल

दूसरी तरफ, मामले की जांच कर रही पुलिस के फोरेंसिक टीम शुक्रवार को घटनास्थल पर वापस गई। इस दौरान उसने कुछ और नमूने एकत्र किए। जानकारी के अनुसार, घटना के आठ दिन बाद, इस दिन, फोरेंसिक टीम परनगंज जंगल में वापस गई। इस बारे में, आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अभिषेक गुप्ता ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। छह लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने के बाद प्राप्त अतिरिक्त जानकारी के आधार पर फोरेंसिक विशेषज्ञों का फिर से वहां जाना जरूरी था। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि छात्रा और उसकी सहपाठी जंगल में गए थे, जहां घटना हुई थी। बाद में, पांच में से तीन आरोपी वहां आ गए। तीनों ने वहां आकर छात्रा और उसकी सहपाठी को आपत्तिजनक अवस्था में देखा। इसी वजह से तीनों ने दोनों को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उन पर पैसे के लिए दबाव डाला गया। फिर, लड़की के सहपाठी पैसे लाने के लिए कॉलेज के हॉस्टल में आया।

## बीएसएफ ने 76.5 लाख का सोना किया बरामद




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 143वीं बटालियन के जवानों ने एक बड़ी सोने की तस्करी की कोशिश को विफल कर दिया। इस दौरान एक तस्कर को रंगे हाथ पकड़ा गया और उसके पास से 579 ग्राम (एक बिस्कुट) सोना बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 76.50 लाख आंकी गई है। यह कार्रवाई गुरुवार को हाकिमपुर बॉर्डर आउटपोस्ट इलाके में की गई। गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ जवानों ने हाकिमपुर बाजार से स्वरूपदह की ओर जा रही एक संदिग्ध कार को रोका। तलाशी के दौरान वाहन के डैशबोर्ड में काले टेप से लिपटा एक धातु का टुकड़ा मिला। जब उसे खोला गया, तो अंदर से सोने की एक बिस्कुट (बार) बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपित, बरामद सोना और वाहन को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है।

### कर्मरत शिक्षकों को भी देना होगा टीईटी परीक्षा

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार की तैयारी में राज्य सरकार

**कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट के ताज़ा निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल में कार्यरत कई प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षक-शिक्षिकाओं की नौकरी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि जिन शिक्षकों ने अभी तक शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण नहीं की है, उन्हें अनिवार्य रूप से परीक्षा देकर पास होना होगा। इस आदेश से राज्यभर के हजारों शिक्षक चिंतित हैं।



राज्य सरकार ने इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में नबन्ना (राज्य सचिवालय) को प्रस्ताव भेजा था, जिसे अब हरी झंडी मिल गई है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की तैयारी शुरू हो गई है।

सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश से विशेष रूप से वे शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं जो पिछले 15 से 20 वर्षों से प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत हैं, लेकिन कभी टीईटी परीक्षा नहीं दी या उत्तीर्ण नहीं कर पाए। अब उन्हें भी परीक्षा में बैठना होगा।

आंकड़ों के अनुसार, राज्य के लगभग एक लाख शिक्षक-शिक्षिकाओं को अब दोबारा टीईटी परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आशंका है कि इस आदेश का असर प्राथमिक स्तर की शिक्षण प्रक्रिया पर पड़ सकता है। कई शिक्षक अपने भविष्य को लेकर असमंजस में हैं, जबकि राज्य सरकार इस मामले में राहत की उम्मीद से सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका तैयार कर रही है।

## ताराचंद दत्ता स्ट्रीट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के काली पूजा का हुआ विधिवत उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** ताराचंद दत्त स्ट्रीट स्टूडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के 56वें काली पूजा पंडाल का उद्घाटन शुक्रवार की शाम विधिपूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर स्वामी त्रिभुवनपुरीजी महराज, राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस, पूजा समिति के चेयरमैन दिनेश बजाज (पूर्व विधायक), उप चेयरमैन राजकुमार शर्मा के अलावा सुरेंद्र शर्मा, प्रमोद चांडक, पार्षद रेहाना खातून, पार्षद महेश शर्मा, पूव विधायक संजय बक्शी, प्रदीप मजूमदार, सचिन शर्मा, अशोक ओझा, पवन शर्मा , कल्याण सिंह, जय गोविंद इंदौरिया, विक्रांत सिंह, बिमल झुनझुनवाला, नवरतन झंवर, अशोक झा, राधा रमन महाराज (इस्कॉन) और सुरेश पांडे समेत कई जाने-माने लोग बतौर अतिथि उपस्थित थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल लखोटिआ, मुख्य संरक्षक रामचंद्र बडोपोलिया, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शर्मा (गुड्डू), प्रधान सचिव सुरेश लखोटिया के नेतृत्व मे उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह का संचालन संजीव शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश लखोटिया, रोहित लखोटिया, जगत शेखानी, काशीनाथ मिश्रा, नरेश जैन, पप्पू शम्सी, अनिल शर्मा (बबलू), विजय अग्रवाल, संदीप सोमानी, गणेश जोशी, हरि सोनी, गणेश शर्मा, राजकुमार गुप्ता, अनिल सिंह, सोनू शर्मा , शाहिद भाई, रामेश्वर सिंह व कलाकार सेठ्ठी ने सक्रिय भूमिका निभाई।



## वर्ल्ड आर्थराइटिस डे - रूमेटाइड आर्थराइटिस की शुरुआत में पहचान क्यों है जरूरी

**कोलकाता, समाज्ञा**

ऑस्टियो आर्थराइटिस को अक्सर उम्र बढ़ने के कारण होने वाला वियर एंड टियर आर्थराइटिस यानी गठिया कहा जाता है, लेकिन रूमेटॉइड आर्थराइटिस (आरए) इससे बिल्कुल अलग है। यह एक लंबे समय तक रहने वाली ऑटोइम्यून बीमारी है, जो 2021 की एक रिपोर्ट(1) के अनुसार भारत में 1.3 करोड़ लोगों को प्रभावित करती है।

इसमें शरीर की रक्षा प्रणाली, जो आमतौर पर बीमारियों से बचाती है, गलती से अपने ही स्वस्थ ऊतकों (हेल्दी टिश्यूज) पर हमला करती है। आरए में यह हमला जोड़ों की नरम परत, सिनोवियम, पर होता है, जो जोड़ों को सुचारू रूप से चलाने के लिए फ्लुड बनाता है। डॉ. अर्घ्य चट्टोपाध्याय, परामर्शदाता रूमेटोलॉजिस्ट और एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी एंड रूमेटोलॉजी, कोलकाता के अकादमिक निदेशक, ने कहा कि आरए एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर अपने ही जोड़ों पर हमला करता है। इससे स्थायी क्षति हो सकती है, इसलिए शुरुआती निदान और उपचार महत्वपूर्ण है ताकि बीमारी की प्रगति धीमी हो और दर्द से राहत मिले।

### हावड़ा मंडल ने व्यापक स्वच्छता अभियान और अमृत संवाद किया आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल ने शुक्रवार को विशेष अभियान 5.0 के तहत बंडेल स्टेशन पर व्यापक स्वच्छता अभियान और अमृत संवाद सत्र आयोजित किया। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को साकार करने और यात्रियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वागतयोग्य रेलवे वातावरण सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। अभियान के तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों और रेलवे कॉलोनियों में सफाई का व्यापक कार्य संपन्न हुआ। इसमें मुख्य रूप से बंडेल, आदिसप्तग्राम, कटवा, अजिमगंज, आरामबाग, तारकेश्वर, रामपुरहाट और बोलपुर स्टेशन तथा बंडेल, कटवा और बामनगाचि की रेलवे कॉलोनियां शामिल थीं। प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, परिसंचरण क्षेत्र, नालियां, शौचालय और स्टेशन परिसर की गहन सफाई की गई। रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और हाउसकीपिंग स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखने का संदेश दिया। बंडेल स्टेशन पर आयोजित अमृत संवाद में वरिष्ठ अधिकारी जैसे वरिष्ठ डीएमई (ईएनएचएम और फ्रेट) और एसीएम/एचसी ने यात्रियों, स्थानीय हितधारकों और स्टाफ से सीधे बातचीत की। सत्र का उद्देश्य स्टेशन सुविधाओं, स्वच्छता और सेवा गुणवत्ता पर फीडबैक लेना और यात्रियों को चल रहे सुधारों की जानकारी देना था।

## दी कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में विश्वदर्शी कलात्मक प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कला हमारी सूक्ष्मतम भावनाओं का ठोस प्रतिनिधित्व है इस भावपूर्ण विचार के साथ दी कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में विश्वदर्शी कलात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक समझ को एक साथ मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सह-सचिव परिमल भाई अजमेरा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु परेश भाई दफ़्तरी (विद्यालय प्रबंधन समिति), चंद्रेश मेघानी (संयुक्त सचिव), नरेंद्र भाई कपाड़िया (विद्यांजलि स्कूल ट्रस्टी), शांतनु चटर्जी (पुलिस उपायुक्त), संतोष कुमार साहा (यातायात प्रभारी पदाधिकारी), शांतनु वर्मा (एचडीएफसी बैंक मैनेजर), जीमी सैनी ( विद्यालय- प्रधानाचार्या), जयदीप मुखर्जी ( माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक प्रधानाध्यापक) और सभी शिक्षकगणों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराकर विद्यार्थियों के हौसले को बढ़ाया। प्रधानाचार्या जीमी सैनी ने कहा कि यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों में निहित वैज्ञानिक, कलात्मक और सौंदर्यबोध क्षमता को उजागर करने का माध्यम है। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पिकासो और वान गॉग जैसे महान कलाकारों से प्रेरित कलाकृतियां, एआई रोबोटिक्स, ऊर्जा संरक्षण मॉडल, अंतरिक्ष विज्ञान, और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। रंग, रेखा और तकनीक का अद्भुत संगम प्रदर्शनी का आकर्षण रहा। विद्यालय परिसर रचनात्मकता और नवाचार की ऊर्जा से सराबोर दिखाई दिया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल एक शैक्षणिक अनुभव साबित हुआ, बल्कि विज्ञान और कला के संगम के माध्यम से समाज में प्रगति की नई दृष्टि भी प्रस्तुत की।




## पूर्व रेलवे में आरपीएफ कर्मियों के लिए कल्याण और आवास सुविधाओं का विकास

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों के कल्याण और आवास सुविधाओं को मजबूत करने के लिए पूर्व रेलवे ने कांचरापाड़ा स्थित मल्टी डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर 50-बेड वाले शहीद संजय साहनी लेडीज होस्टल का उद्घाटन किया गया और 100-बेड वाले नए आरपीएफ बैरक का शिलान्यास किया गया। लेडीज होस्टल को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है और इसे सीमा देउस्कर, अध्यक्ष, पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन ने उद्घाटित किया। उद्घाटन समारोह में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, अमिया नंदन सिन्हा, पीसीएससी, जरीना फिदौसी, पीसीपीओ, सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर ईआरडबल्यूडबल्यूओ के सदस्य भी समारोह में मौजूद रहे। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने ठझञ्ञ कर्मियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 100-बेड वाले नए आरपीएफ बैरक का शिलान्यास किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारी और ईआरडबल्यूडबल्यूओ अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। साथ ही, 33वां ऑल इंडिया इंटर-रेलवे आरपीएफ मेन्स फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 एमडीएसटीआई, कांचरापाड़ा में संपन्न हुआ। 14 जोनल रेलवे टीमों ने इसमें भाग लिया और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। फाइनल मैच का शुभारंभ महाप्रबंधक द्वारा किया गया। रोमांचक फाइनल में साउथर्न रेलवे ने पूर्वी रेलवे को हराकर चैंपियन का खिताब जीता। पुरस्कार वितरण समारोह में महाप्रबंधक ने चैंपियन और रनर्स-अप ट्रॉफी प्रदान की, जबकि ईआरडबल्यूडबल्यूओ अध्यक्ष ने दूसरे रनर्स-अप की ट्रॉफी दी।



## एनकेडीए के चेयरमैन बने शोभन चट्टोपाध्याय, लंबे समय बाद फिर लौटे प्रशासनिक भूमिका में

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री शोभन चट्टोपाध्याय को न्यू टाउन कोलकाता डेवलपमेंट अथॉरिटी (एनकेडीए) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में उनके नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की गई।



इस घोषणा के साथ ही शोभन चट्टोपाध्याय की आधिकारिक घर वापसी हो गई है। कभी तृणमूल कांग्रेस छोड़ने के बाद राजनीति से दूरी बना चुके शोभन अब फिर से प्रशासनिक पद संभालने जा रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह नियुक्ति शोभन की राजनीतिक पुनरागमन की शुरुआत हो सकती है। तृणमूल कांग्रेस के अंदर अब चर्चा शुरू हो गई है कि क्या आने वाले 2026 के विधानसभा चुनावों में उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाया जाएगा और वे कब से सक्रिय राजनीति में वापसी करेंगे।

गौरतलब है कि शोभन चट्टोपाध्याय कभी कोलकाता नगर निगम के मेयर और राज्य के नगर विकास मंत्री रह चुके हैं। लंबे समय बाद उन्हें फिर से एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारी दी गई है, जिसे तृमूल के लिए एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है।

### न्यूज ब्रीफ

### आदित्य बिरला कैपिटल ने पूरे संगठन में नवाचारों के साथ एआई-फर्स्ट रणनीति को तेज किया

**कोलकाता :** आदित्य बिरला कैपिटल लिमिटेड (एबीसीएल), भारत की प्रमुख विविधीकृत वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, ने अपने प्रमुख ओम्नीचैनल डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर प्लेटफॉर्म - एबीसीएल पर एआई-पावर्ड फीचर्स एवं इनोवेशंस की एक सीरीज लॉन्च की है। यह कंपनी के फाइनेंस को सरल बनाने और सभी चैनलों पर बेहद व्यक्तिगत, इंटेलिजेंट और सहज ग्राहक अनुभव प्रदान करने के मिशन के अनुरूप है। पंकज गाडगिल, हेड - डिजिटल प्लेटफॉर्म्स एंड पेमेंट्स स्ट्रैटेजी, आदित्य बिरला कैपिटल ने कहा, डिजिटल बदलाव हमारे लिए एबीसीएल में बहुत महत्वपूर्ण है। बहुत कम वित्तीय संस्थानों ने जनरेटिव एआई को पूरी तरह लागू किया है, और हमें गर्व है कि हम इसे बड़े स्तर पर करने वालों में सबसे आगे हैं।

### अज़ीम प्रेमजी विश्वआविद्यालय में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरु

**कोलकाता :** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय बेंगलूरु और भोपाल कैम्पस में यूजी और पीजी कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एजुकेशन, डेवलपमेंट, अर्थशास्त्र, स्वास्थ्य और सस्टेनब्लिटी विषय में स्नातकोत्तर (पोस्ट-ग्रैजुएशन) प्रोग्रैम में आवेदन आमंत्रित कर रहा है। साथ ही विज्ञान, मानविकी और समाज विज्ञान में स्नातक (ग्रैजुएशन) प्रोग्रैम के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। एडमिशन के हेड और प्राध्यापक मणिकंदन. वीने इस बारे में कहा है, अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में शिक्षा केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित नहीं है; यह अपने उद्देश्य को पहचानने और उसे जीने का अनुभव है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने पहली छमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आयोजित अपनी बैठक में 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी। बैंकिंग क्षेत्र एक जटिल व्यापक आर्थिक परिवेश से जूझ रहा है, जो व्यापार और टैरिफ पुनर्संरेखण से उत्पन्न वैश्विक चुनौतियों से जूझ रहा है। इस पर टिप्पणी करते हुए, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ, संजय अग्रवाल ने कहा, व्यापार, शुल्क और भू-राजनीति से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की अर्थव्यवस्था लगातार लचीलापन दिखा रही है। आरबीआई की उदार नीतियों - तरलता सहायता, सीआरआर में कटौती और एक संतुलित एलसीआर ढाँचे के माध्यम से - ने हमारे उपभोग-आधारित विकास की गति को बनाए रखा है।

### डेज़र्व ने सीरीज़ सी फंडिंग में 350 करोड़ जुटाए

**कोलकाता :** प्रौद्योगिकी से संचालित धन प्रबंधन प्लेटफॉर्म, डेज़र्व ने सीरीज सी फंडिंग के तहत 350 करोड़ रुपये जुटाने की सूचना दी है, जिसके बाद इसकी कुल पूंजी 850 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। सम्पूर्ण प्राथमिक दौर को डेज़र्व के मौजूदा प्रमुख निवेशकों ने समर्थन दिया। इसका सह-नेतृत्व प्रेमजी इन्वेस्ट और एक्सेल के ग्लोबल ग्रोथ फंड ने किया, जिसमें एलिवेशन कैपिटल और जेड47 की निरंतर भागीदारी भी शामिल थी। यह सभी का सहयोग कंपनी के दीर्घकालिक दृष्टिकोण में उनके गहरे विश्वास को दर्शाता है।

### रोटरी क्लब ईस्टर्न रीजन पहली बार सीएसआर पुरस्कारों की मेजबानी करेगा

**कोलकाता :** रोटरी क्लब का ईस्टर्न रीजन पहली बार प्रतिष्ठित रोटरी सीएसआर पुरस्कारों की मेजबानी कर रहा है। यह उन कॉर्पोरेट्स को सम्मानित करने की एक पहल है जिन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक विकास के प्रति असाधारण प्रतिबद्धता दिखाई है। 8 अक्टूबर, 2025 को द सैटरडे क्लब में आयोजित निर्णायक मंडल ने नामांकित व्यक्तियों का मूल्यांकन करने के लिए सरकार, शिक्षा और सामाजिक विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के एक प्रतिष्ठित पैनल को एक साथ लाया। प्रतिष्ठित जूरी सदस्यों में से एक, प्रख्यात गायिका श्रीमती उषा उत्थुप ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, मुझे सबसे ज़्यादा प्रभावित करने वाली बात यह है कि कॉर्पोरेट्स आगे आ रहे हैं और सीएसआर गतिविधियों में और गहराई से शामिल हो रहे हैं। यह देखकर बहुत खुशी होती है कि सकारात्मक काम हो रहा है और इससे सार्थक बदलाव आ रहा है।

### सियालदह स्टेशन पर रखरखाव कार्य के कारण 18-19 अक्टूबर को ट्रेन सेवाएं प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह स्टेशन पर ट्रामवे प्रकार ओवर-हेड उपकरण से संबंधित कार्य के कारण रेलवे प्रशासन ने 18 और 19 अक्टूबर 2025 की मध्यरात्रि में 00:45 बजे से 03:15 बजे तक (कुल 150 मिनट) के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की योजना बनाई है। इस कारण सियालदह मंडल में कुछ ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किया गया है। जानकारी के अनुसार, 31542 शांतिकुर-सियालदह लोकल ट्रेन 18 अक्टूबर को बैरकपुर पर ही समाप्त की जाएगी, जबकि 31511 सियालदह-शांतिकुर लोकल ट्रेन 19 अक्टूबर को बैरकपुर से प्रारंभ होगी। इसके अलावा, 18 अक्टूबर से यात्रा प्रारंभ करने वाली 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस और 03102 मालतीपाटपुर-सियालदह स्पेशल ट्रेनों को 19 अक्टूबर को क्रमशः 75 मिनट और 90 मिनट तक नियंत्रित रखा जाएगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

### दीपिका पादुकोण बनी 'एक्सपीरियंस अबू धाबी' की नई ब्रांड एंबेसडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** अबू धाबी के डिपार्टमेंट ऑफ कल्चर एंड टूरिज्म (डीसीटी अबू धाबी) ने बॉलीवुड स्टार दीपिका पादुकोण को 'एक्सपीरियंस अबू धाबी' का नया रीजनल ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। दीपिका अपने पति और बॉलीवुड आइकॉन रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी की संस्कृति, प्रमुख आकर्षण और अविस्मरणीय अनुभव दर्शकों के सामने पेश करेंगी। रणवीर सिंह 2023 से ब्रांड एंबेसडर हैं और अब दोनों मिलकर अबू धाबी का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले बॉलीवुड पावर कपल बन गए हैं। इस अभियान के माध्यम से दीपिका आने वाले अभियानों का नेतृत्व करेंगी, जिसमें अमीरात के विविध अनुभव और मौसमी ऑफर शामिल हैं। दीपिका ने कहा, यात्रा तब और खास होती है जब प्रियजनों के साथ की जाए। अब मुझे रणवीर के साथ इस खूबसूरत शहर का अनुभव साझा करने का अवसर मिला है। रणवीर सिंह ने भी कहा, अबू धाबी में संस्कृति, एडवेंचर और परिवार के लिए सब कुछ है। दीपिका के साथ इसे दुनिया के सामने पेश करना गर्व की बात है। यह अभियान भारतीय दर्शकों को उनके पसंदीदा बॉलीवुड कपल के नजरिए से अबू धाबी का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है।

### अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ने तोड़े रिकॉर्ड, 276 करोड़ ग्राहक विजिट्स दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 में अभूतपूर्व सफलता हासिल की। इस वर्ष, कुल 276 करोड़ ग्राहक विजट्स दर्ज की गईं, जिनमें से 70% ग्राहक टियर 2 और 3 शहरों से थे। त्योहारी सीजन में स्मार्टफोन, टीवी, फैशन, होम एंड किचन, ब्यूटी और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी में अभूतपूर्व बढ़ोतरी हुई। ग्राहकों ने बैंक ऑफर्स, जीएसटी लाभ और कैशबैक रिवॉर्ड्स के माध्यम से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की। अमेजन ने जीएसटीबचतउत्सव के जरिए विक्रेताओं को उपकरण, फैशन और अन्य श्रेणियों में जीएसटी लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने में मदद की। प्राइम सदस्यों ने तेज डिलीवरी का लाभ उठाया, जिसमें पिछले साल की तुलना में 60% अधिक ऑर्डर उसी दिन डिलीवर किए गए। नए प्राइम सदस्यता में तेजी आई, 70% नए सदस्य टियर 2 और 3 शहरों से जुड़े। छोटे और मध्यम व्यवसायों की भागीदारी रिकॉर्ड स्तर पर रही। सौरभ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष, अमेजन इंडिया ने कहा कि यह त्योहारी सीजन ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड पार्टनर्स के लिए लाभकारी साबित हुआ, और अमेजन भारत में सबसे विश्वसनीय ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म बनकर उभरा।

### दीपावली से पहले बांकुड़ा में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे जब्त



**बांकुड़ा :** काली पूजा और दीपावली के पूर्व बांकुड़ा जिला पुलिस द्वारा अवैध पटाखों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। गुरुवार की शाम गाजलघाटी तथा पात्रसायर थाना क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पुलिस की टीमों ने विशेष छापेमारी की। अभियान के दौरान अनेक दुकानों एवं गोदामों से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए गए, जिनमें बिग बॉस चॉकलेट, ब्लैक कैट, टू साउंड क्रैकर, किंग कोबरा, सुप्रीम मल्टी कलर शॉट्स तथा पांडा बिजली क्रैकर प्रमुख हैं। पुलिस ने बताया कि जब्त सामग्री के संबंध में कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

### कोटक सिक्योरिटीज ने दिवाली मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए जारी किए टॉप स्टॉक पिक्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की अग्रणी ब्रोकरेज और निवेश परामर्श कंपनी कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने दिवाली मुहूर्त ट्रेडिंग सत्र के अवसर पर अपने टॉप स्टॉक पिक्स जारी किए हैं। यह सत्र संवत 2082 की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। कंपनी ने भारतीय बाजार को लेकर सतर्क लेकिन आशावादी दृष्टिकोण व्यक्त किया है। कोटक सिक्योरिटीज का मानना है कि आने वाले तिमाहियों में कॉरपोरेट आय में स्थिरता, सुधरते मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतक, और मजबूत निवेश माहौल बाजार को सहयोग देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, संवत 2081 निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, जबकि तीन वर्षों की अवधि में संतोषजनक रिटर्न दर्ज किए गए। कंपनी ने कहा कि भारत में बचतकर्ता से निवेशक बनने की प्रवृत्ति तेज़ी से बढ़ रही है। कोटक सिक्योरिटीज को उम्मीद है कि वित्त वर्ष27 में कमाई में लगभग 18% वृद्धि होगी और स्थिर आर्थिक माहौल बाजार को मजबूत आधार प्रदान करेगा। हालांकि, ऊंचे वैल्यूएशन और वैश्विक परिस्थितियां कुछ चुनौतियां पेश कर सकती हैं। कंपनी ने संवत 2082 के लिए 7 संभावित स्टॉक आइडियाज चुने हैं, जिनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई गई है।

### विश्व खाद्य दिवस 2025: खाद्य मिथकों को तोड़ने और खाद्य साक्षरता को बढ़ावा देने का संकल्प

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर इंड फूड एंड बेवरेज एसोसिएशन (आईएफबीए) ने एनआईएफटीईएम-कुंडली और आईएचएम-दिल्ली के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य खाद्य मिथकों को दूर करना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खाद्य साक्षरता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर नीति निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने खाद्य सुरक्षा और पोषण के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में पाम ऑयल, घी (ए1/ए2), प्रोटीन सप्लीमेंट्स और प्रोसेस्ड फूड्स पर वैज्ञानिक तथ्यों को साझा किया गया। आईएफबीए ने घोषणा की कि वह शीघ्र ही पाम ऑयल पर आधारित रिपोर्ट जारी करेगी, जो गलत धारणाओं को दूर कर वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जानकारी उपलब्ध कराएगी। विशेषज्ञों ने कहा कि प्रोसेस्ड फूड्स के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, क्योंकि सही जानकारी और जिम्मेदार उपभोग से यह पोषण का प्रभावी स्रोत बन सकते हैं। कार्यक्रम ने स्पष्ट किया कि खाद्य साक्षरता ही स्वस्थ समाज की कुंजी है।

### पश्चिम मेदिनीपुर में मोटरबाइक दुर्घटना में पुलिस कर्मी की मौत

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के मोहनपुर इलाके में गुरुवार की रात एक दुर्घटना में नारायणगढ़ थाने में कार्यरत एक पुलिस कर्मी की मोटरबाइक हादसे में मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, मृतक अर्पण जाना (32), जो नारायणगढ़ थाने में कार्यरत थे, मेदिनीपुर जाने के लिए मोटरबाइक से निकले थे। रास्ते में, किसी ट्रक के पीछे धक्का लगने से उनकी मोटरबाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही खड़गपुर लोकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक पुलिस कर्मी का शव सुरक्षित कर लिया। मृतक का आवास रोहणी के ठेगामारा इलाके में है। पुलिस प्रशासन ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।




# कोलकाता में बारिश से मौत : ममता ने मृतकों के परिजनों को दिए नियुक्ति पत्र और चेक

## मुख्यमंत्री ने कोलकाता के कई प्रसिद्ध काली पूजा का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा का उत्सव समाप्त होते ही अब रोशनी के पर्व दीपावली और काली पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में, शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता की कई प्रसिद्ध काली पूजा का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गिरीश पार्क फाइव स्टार स्पोर्टिंग क्लब की काली पूजा के मंडप से हुई। इसके बाद, मुख्यमंत्री ने जानबाजार के संयुक्त कालीपूजा समिति और शेक्सपियर सरणी के युथ फ्रेंड्स क्लब की काली पूजा का भी उद्घाटन किया।

इस दिन, मुख्यमंत्री ने शेक्सपियर सरणी स्थित एक काली पूजा के उद्घाटन मंच से हाल में हुई कोलकाता की बारिश जनित दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को सरकारी सहायता सौंपी। उन्होंने प्रत्येक मृतक परिवार के एक सदस्य को 'स्पेशल होमगार्ड' पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा प्रत्येक परिवार को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक भी सौंपा।




## बंगाल में बहुत अच्छी है कानून व्यवस्था, विपक्ष कर रहा बदनाम : ममता

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर चुनाव के दौरान झूठ फैलाकर लोगों को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि बंगाल देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में से एक है। कोलकाता के जानबाजार में काली पूजा के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग केवल चुनाव के समय राज्य में आते हैं और कानून-व्यवस्था को लेकर झूठे दावे कर बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश करते हैं। आप कहते हैं बंगाल असुरक्षित है, लेकिन क्या लोग यहां बेखौफ घूमते नहीं हैं? उन्होंने एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि कोलकाता देश का सबसे सुरक्षित महानगर है। ममता ने कहा कि अपने अनुभव से पूछिए – क्या लोग यहां शांति और सौहार्द से नहीं रहते? दुर्गापुर में छात्रा से कथित दुष्कर्म मामले का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नहीं चाहती कि एक भी घटना हो, लेकिन अगर कुछ होता है तो हम तत्काल कार्रवाई करते हैं। अन्य राज्यों में ऐसे कई मामले हैं, जहां पीड़ितों को अब तक न्याय नहीं मिला। बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए ममता ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे अदालत का सहारा लेकर योग्य उम्मीदवारों की नौकरियां छीनने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अदालत जाकर शिक्षित युवाओं की नौकरी छीनने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम जनता के लिए काम करते हैं। वे हमें रोक नहीं सकते। हमें उनके एजेंडे को हराना होगा।

**सिग्नल और टेलिकॉम कार्य**

ई-निविदा सूचना सं.: KIR-N-2025-K-45; दिनांक: 15-10-2025। निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:**- राधिकापुर स्टेशन पर 2 नई लाइनों का निर्माण और पूर्ण सीएसएल बनाने के लिए अन्य 3 छोटी सीएसएल मौजूदा लाइनों के विस्तार के लिए सिग्नल और टेलिकॉम कार्य। निविदा मूल्य: ₹75,96,914.53; धरोहर राशि: ₹1,51,900.00। **ई-निविदाएं** 07-11-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 07-11-2025 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर 07-11-2025 को 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (एसएंडटी), कटिहार
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## विधानसभा चुनाव : केंद्रीय और राज्य बलों की जिम्मेदारियां तय करेगा चुनाव आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी 2026 के विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां समय से पहले शुरू कर दी हैं। आयोग वर्ष के अंत तक केंद्रीय और राज्य स्तर की विभिन्न सुरक्षा तथा खुफिया एजेंसियों की भूमिकाएं स्पष्ट कर देगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की ओर से अब तक 22 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों को पत्र भेजकर उनसे 30 अक्टूबर तक अधिकारियों के नाम मांगे गए हैं, जिन्हें चुनावी प्रक्रिया में नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, जैसे ही इन एजेंसियों से नाम प्राप्त होंगे, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल अगले माह इन नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इन बैठकों में आयोग प्रत्येक एजेंसी की भूमिका और जिम्मेदारियां तय करेगा।

आमतौर पर, यह प्रक्रिया चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बाद शुरू की जाती है, लेकिन बंगाल चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए इस बार चुनाव आयोग ने पहले ही इसे शुरू कर दिया है। सीईओ कार्यालय के सूत्रों का कहना है कि राज्य के कुछ संवेदनशील इलाकों, विशेषकर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे क्षेत्रों में चुनाव से पूर्व सुरक्षा को लेकर आयोग विशेष सतर्क है। इसके साथ ही चुनाव आयोग इस बार प्रचार अभियानों के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के खर्च पर भी कड़ी निगरानी रखेगा। आयोग नकदी और शराब जैसी वस्तुओं के वितरण के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशों पर विशेष नजर रखेगा।

### चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ की सुरक्षा का दिया आश्वासन

**राज्य में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को धमकी और उत्पीड़न की खबरों के बीच निर्वाचन आयोग ने आश्वासन दिया है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाएगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में एसआईआर के जल्द शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य में बीएलओ का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'संग्रामी जौथा मंच' के सदस्यों ने गत गुरुवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की और मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया से पहले उन पर 'बढ़ते दबाव पर चिंता' जताई। अधिकारी ने कहा कि बीएलओ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया है कि कर्तव्यों का निर्वहन करते समय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे।**

## काली पूजा से पहले बंगाल में फिर बारिश के आसार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण-पश्चिम मानसून के देश से विदा लेने की प्रक्रिया शुरू होते ही उत्तर-पश्चिम दिशा से शुष्क और ठंडी हवाएं बंगाल की ओर बढ़ने लगी हैं। इन दोनों विपरीत दिशा की हवाओं की टक्कर से सप्ताहांत यानी काली पूजा से ठीक पहले राज्य के उत्तर और दक्षिण, दोनों हिस्सों के कुल छह जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। अलीपुर मौसम विभाग ने बताया है कि कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के 12 जिलों में मौसम सामान्यतः शुष्क रहेगा, लेकिन दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर के तटीय इलाकों, उत्तर 24 परगना के कुछ हिस्सों तथा उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और जलपाईगुड़ी जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के अधिकांश हिस्सों से लौट चुका है। हालांकि, बारिश की तीव्रता अधिक नहीं होगी। कोलकाता के आकाश में बादल जरूर दिखेंगे, परंतु दक्षिण बंगाल के अधिकांश जिले साफ मौसम का अनुभव करेंगे।

**PWD (GOVT. OF WB) TENDER NOTICE**

e-Tender of NIQ No 03 of 2025-26 by the of E.E./Diamond Harbour Highway Division.
EE, Diamond Harbour Hwy Div, Dakshin Hazipur, Diamond Harbour-743331 invites on line percentage rate e-tender whose ID No. 2025_SH_926388_1 to 9. The details can be obtained from the website https://wbtenders.gov.in & office notice board. Corrigendum or Addendum if issued will be published only on website previously mentioned. Documents down load end date (online) & Bid submission end date (online) will be 21.11.2025 upto 12.00 Hrs.

Sd/- EE,
Diamond Harbour Highway Division
P.W.(Roads) Directorate, Govt. of WB

**PWD (GOVT. OF WB) TENDER NOTICE**

e-Tender of NIT No 18 of 2025-26 by the of E.E./Diamond Harbour Highway Division.
EE, Diamond Harbour Hwy Div, Dakshin Hazipur, Diamond Harbour-743331 invites on line percentage rate e-tender whose ID No. 2025_SH_928317_1 to 2. The details can be obtained from the website https://wbtenders.gov.in & office notice board. Corrigendum or Addendum if issued will be published only on website previously mentioned. Documents down load end date (online) & Bid submission end date (online) will be 14.11.2025 upto 12.00 Hrs.

Sd/- EE,
Diamond Harbour Highway Division
P.W.(Roads) Directorate, Govt. of WB

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: बीएसडी_25-28, दिनांक 16.10.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा, पिन-743145, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं उसका स्थान:** 03 (तीन) वर्षों की अवधि के लिए कैरेज कॉम्प्लेक्स, कांचरापाड़ा में परंपरागत कोचों के 2520 अदद बीएस दरवाजों की मरम्मत। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 13,47,267.60। **निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ से निविदा दस्तावेज उपलब्ध होगा:** निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण सेट 16.10.2025 से 07.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक भारतीय रेल ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **जमा की जाने वाली बोली प्रतिभूति:** ₹ 27,000। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 03 (तीन) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** 16.10.2025 से 07.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा करने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पहले से 07.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.11.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छांछठ) दिन। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** निविदा 07.11.2025 को अपराह्न 3.00 बजे या उसके बाद खोली जाएगी।

(MISC-239/2025-26)
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना क्रमांक : ई-निविदा/2025/36,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो 15.30 बजे खोली जाएगी: **क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) ई-केजीपी-साउथ-55-2025,** एडीईएन (दक्षिण)/केजीपी के तहत मिशन 3000 एमटी के अधीन 25 एक्सल लोडेड ट्रेनों के संचालन के लिए पुल संख्या 187 डाउन, 207 डाउन और 208 डाउन का सुदृढ़ीकरण/पुनर्वास/पुनर्निर्माण/रिगर्डरिंग। (द्वितीय आमंत्रण)। **निविदा मूल्य:** रु. 24,55,27,169.34, **बयाना राशि:** रु. 13,77,600/-, **(2) ई-केजीपी-साउथ-56-2025,** एडीईएन/बीएलएस के तहत मिशन 3000 एमटी के अधीन 25 एक्सल लोडेड ट्रेनों के संचालन के लिए पुल संख्या 260 अप, 261अप, 278 डाउन, 292 डाउन, 315 डाउन, 332 डाउन, 336 डाउन और 338 डाउन का सुदृढ़ीकरण/पुनर्वास/पुनर्निर्माण/रिगर्डरिंग (द्वितीय आमंत्रण)। **निविदा मूल्य:** रु. 41,44,68,622.33, **बयाना राशि:** रु. 22,22,400/-, **(3) ई-केजीपी-साउथ-57-2025,** एडीईएन/बीएलएस के तहत मिशन 3000 एमटी के अधीन 25 एक्सल लोडेड ट्रेनों के संचालन के लिए पुल संख्या 259 अप का सुदृढ़ीकरण/पुनर्वास/पुनर्निर्माण/रिगर्डरिंग (द्वितीय आमंत्रण)। **निविदा मूल्य:** रु. 53,45,71,765.79, **बयाना राशि:** रु. 28,22,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** प्रत्येक हेतु रु.0, **खुलने की तिथि:** प्रत्येक हेतु दिनांक 06.11.2025, **कार्य की समापन अवधि:** प्रत्येक हेतु 24 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** क्रम सं. 1 से 3 हेतु दिनांक 09.10.2025 से 06.11.2025 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **"www.ireps.gov.in"** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-737)

## पश्चिम मेदिनीपुर में तालाब से मिला नवजात का शव



**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के केशियाड़ी थाना अंतर्गत नछीपुर के विष्णुनगर इलाके में गुरुवार को स्थानीय लोगों ने एक तालाब में तैरता हुआ नवजात बच्ची का शव देखा, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही केशियाड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर केशियाड़ी ग्रामीण अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर महकमा अस्पताल भेज दिया है। वहीं, इस घटना को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नवजात बच्ची को तालाब में कैसे फेंका गया।

## काली पूजा व दीपावली पर केवल दो घंटे तक ही फोड़े जा सकेंगे 'ग्रीन पटाखे'

- ❑ **कोलकाता पुलिस ने जारी की गाइडलाइन, उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई**
- ❑ **छठ पूजा के दौरान पटाखे जलाने की समय सीमा भी तय**

**कोलकाता, समाज्ञा :** काली पूजा और दीपावली के अवसर पर पटाखे फोड़ने के नियमों को लेकर कोलकाता पुलिस ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दीपावली से दो दिन पहले शुक्रवार को लालबाजार से जारी इस आदेश में स्पष्ट किया गया है कि केवल 'ग्रीन पटाखे' (पर्यावरण अनुकूल पटाखे) जलाने की अनुमति होगी। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की अधिसूचना के अनुसार,



20 अक्टूबर को काली पूजा और दीपावली के दिन रात 8 बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखे फोड़े जा सकेंगे। वहीं, 28 अक्टूबर को छठ पूजा के अवसर पर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक ग्रीन पटाखे फोड़ने की अनुमति दी गई है। लालबाजार पुलिस ने बताया कि इस बार 1403 लाइसेंस प्राप्त पटाखा निर्माता कंपनियों को बिक्री की अनुमति दी गई है। धर्मतला के शहीद मीनार परिसर में पटाखा बाजार गुरुवार से शुरू हो चुका है, जिसमें 37 स्टॉल लगाए गए हैं। यह बाजार बड़ाबाजार फायरवर्क्स डीलर्स एसोसिएशन के पर्यवेक्षण में 21 अक्टूबर तक चलेगा। कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा कि काली पूजा और दीपावली के दौरान पूरे शहर में विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि लोग सुरक्षित रूप से पटाखे खरीद और इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रतिबंधित पटाखों की खरीद-बिक्री या उपयोग करने वालों को सख्त कार्रवाई झेलनी पड़ेगी।

## शारदा चिटफंड घोटाला : छह साल पुराने मामले में डीजीपी राजीव कुमार को राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सीबीआई की याचिका

**नई दिल्ली/कोलकाता :** शारदा चिटफंड घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और राज्य के डीजीपी राजीव कुमार को मिली अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली केंद्रीय जांच ब्यूरो की याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका सीबीआई की ओर से 2019 में दायर की गई थी और तब से यह लंबित थी। हालांकि, कोर्ट ने राजीव कुमार के खिलाफ चल रहे अदालत की अवमानना के एक अन्य मामले की सुनवाई आठ सप्ताह बाद करने का फैसला किया है। सुनवाई के दौरान, पश्चिम बंगाल सरकार ने सीबीआई की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि जांच एजेंसी ने पांच साल से अधिक समय में राजीव कुमार से कभी पूछताछ नहीं की है और अब अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग कर रही है, जबकि अवमानना का मामला पहले से ही लंबित है। बता दें कि यह मामला जनवरी 2019 में केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच पैदा हुए एक अभूतपूर्व टकराव से जुड़ा है। उस समय सीबीआई की एक टीम राजीव कुमार से पूछताछ के लिए उनके आधिकारिक आवास पर पहुंची थी, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा एजेंसी के अधिकारियों को हिरासत में लिए जाने के कारण उन्हें लौटना पड़ा था। सुप्रीम कोर्ट ने 29 नवंबर, 2019 को सीबीआई की अपील पर राजीव कुमार से जवाब मांगा था, जिसमें एजेंसी को यह स्पष्ट करने को कहा गया था कि उन्हें हिरासत में लेने की आवश्यकता क्यों है। अब अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका खारिज होने के बाद डीजीपी राजीव कुमार को बड़ी राहत मिली है।

## तृणमूल का दावा, पार्टी के डिजिटल वॉरियर्स के लिए 24 घंटे में 50 हजार से अधिक आवेदन

**कोलकाता, समाज्ञा :** डिजिटल मोर्चे पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से तृणमूल कांग्रेस ने नया अभियान शुरू किया है। पार्टी के सर्वभारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने इस पहल का नाम रखा है- मैं बंगाल का डिजिटल योद्धा। तृणमूल का दावा है कि गुरुवार को इस अभियान के शुरू होने के बाद शुक्रवार तक महज 24 घंटे के भीतर 50 हजार से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आगामी विधानसभा चुनावों से पहले सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल मंचों पर पार्टी की उपस्थिति को सशक्त करने के लिए यह कार्यक्रम लाया गया है। इस अभियान के तहत एक वेबसाइट शुरू की गई है, जहां इच्छुक लोग अपना नाम, फोन नंबर, जिला और विधानसभा क्षेत्र की जानकारी दर्ज




कर 'डिजिटल योद्धा' के रूप में नामांकित हो सकते हैं। पार्टी का कहना है कि वेबसाइट लॉन्च होने के बाद सिर्फ एक दिन में ही 50 हजार से अधिक पंजीकरण हुए, जिसे तृणमूल ने 'भारी जन भागीदारी' करार दिया है। सूत्रों के अनुसार, तृणमूल का लक्ष्य है कि हर बूथ पर कम से कम 10 डिजिटल योद्धा तैयार किए जाएं। पार्टी उन युवाओं को प्राथमिकता दे रही है जो मोबाइल और तकनीक के जानकार हों तथा ग्राफिक डिज़ाइन और वीडियो निर्माण में दक्ष हों।

## कोलकाता में फर्जी नंबर प्लेट रैकेट का भंडाफोड़, 8 आरोपी गिरफ्तार, नंबर प्लेट मशीन और सैकड़ों नकली प्लेट बरामद

**कोलकाता :** कासबा पुलिस स्टेशन ने एक बड़े फर्जी नंबर प्लेट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मामले में कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें मुख्य आरोपियों से लेकर नंबर प्लेट बनाने और सप्लाई करने वाले तक शामिल हैं।



यह मामला 16 अक्टूबर 2025 को दर्ज किया गया था, जब कासबा ट्रैफिक गार्ड के सार्जेंट सौविक विश्वास ने शिकायत की कि डीपीएस जूनियर रुबी पार्क के पास एक स्कूटी (नंबर डब्ल्यूबी 05सी 1317) को रोका गया, जिसका नंबर प्लेट जांच में फर्जी और जाली पाया गया। यह वाहन किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत था।

दरअसल, इससे पहले 10 अक्टूबर को रंजन दत्ता नामक व्यक्ति ने ईमेल के माध्यम से शिकायत की थी कि उनकी स्कूटी का नंबर कई ट्रैफिक चालानों में दिखाया जा रहा है, जबकि वह उन जगहों पर कभी गए ही नहीं। इससे संदेह हुआ कि कोई व्यक्ति उनके रजिस्ट्रेशन नंबर की फर्जी नंबर प्लेट बनाकर वाहन चला रहा है।

पुलिस जांच में सबसे पहले मंगल नस्कर (निवासी: सरत घोष गार्डन रोड, कोलकाता-700031) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि परमेंद्र प्रसाद केसरी (44), निवासी जहरा बाजार लेन, कोलकाता-700042, ने उसे वह स्कूटी दी थी, जिसमें फर्जी नंबर प्लेट लगी थी।

इसके बाद केसरी की निशानदेही पर पुलिस ने बिक्रम शॉ को 37इ, ए.जे.सी. बोस रोड स्थित उसके दुकान से गिरफ्तार किया। उसकी दुकान से कई नकली नंबर प्लेटें बरामद की गईं।

पूछताछ में बिक्रम शॉ ने बताया कि नकली नंबर प्लेटें मुल्लिक बाजार स्थित 13, मैक्लियोड स्ट्रीट में बनाई जाती हैं। वहां छापा मारकर पुलिस ने एक नंबर प्लेट बनाने की मशीन और विभिन्न राज्यों (प. बंगाल, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश आदि) की सैकड़ों फर्जी प्लेटें बरामद कीं।

वहीं से पुलिस ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनके नाम शेख नियाजुद्दीन (28), मीर सहनुल अख्तर (48), मीर फारूक अली (55), समीर अली (22), सलमान खान (25) है। सभी मैक्लियोड स्ट्रीट, मुल्लिक बाजारके निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों के पास से कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। वे ग्राहक की मांग पर फर्जी नंबर प्लेट तैयार कर बेचते थे। बरामद सभी सामान जब्त कर कासबा थाने में

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**प्रधान मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के जरिये निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम:** "मेट्रो रेलवे, कोलकाता के नोआपाड़ा और सेंट्रल स्टेशन के बीच किमी. (-) 01/04 से 07/14 तक अप एवं डाउन दोनों ट्रैक पर सम्पूर्ण वेल्ड नवीकरण (टीडब्ल्यूआर)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 4,10,37,459.14। **बयाना राशि :** ₹ 3,55,200। **पूरा करने की अवधि :** 12 (बारह) महीना। **बंद होने की तारीख और समय:** 07.11.2025 को दोपहर 12:00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। संशोधनी/संयोजनी, यदि कोई हो, को वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा।
**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना संख्या : सिविल-2537-2025 (ओपन)**
हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

**प्रशासनिक इकाई/जोन:** सियालदह मंडल-वाणिज्य प्रचार, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014. **नीलामी सूचीपत्र सं.:** एमपीएस-एसडीएएच-04-25; **नीलामी प्राधिकारी:** सीनि. डीसीएम/सियालदह। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** दिनांक 30.10.2025 को 13.00 बजे। **नीलामी समाप्त होने की तारीख/समय:** 30.10.2025 को 14.00 बजे। **स्वत: विस्तारित जोन:** 120 सेकेंड, **स्वत: विस्तारित अवधि:** 120 सेकेंड। **प्रारम्भिक कूलिंग ऑफ अवधि:** 30 मिनट। **अनुक्रमिक लॉट समापन अंतराल:** 10 मिनट। **अधिकतम स्वत: विस्तार:** 10 बार। **सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, विवरण, लॉट समाप्ति की तारीख/समय** निम्नानुसार: एए/1, एमपीएस-एसडीएएच-जीबीजी-एमपीएस-3-25-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल), गोबरडांगा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1 पर 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीटx10 फीट) का आवंटन, 30.10.2025 को 13.30 बजे। एए/2, एमपीएस-एसडीएएच-एचएलआर-एमपीएस-2-25-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल), हालीसहर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 2 पर मैस्ट सं. 41/22 के निकट 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीटx10 फीट) का आवंटन, 30.10.2025 को 13.40 बजे। एए/3, एमपीएस-एसडीएएच-केएनआर-एमपीएस-6-25-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल), कांकीनाड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 2 पर 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीटx10 फीट) का आवंटन, 30.10.2025 को 13.50 बजे। एए/4, एमपीएस-एसडीएएच-एमजीटी-एमपीएस-4-25-1 (एमपीएस-बहु उद्देशीय स्टॉल), मगराहाट रेलवे स्टेशन में बुकिंग कार्यालय के निकट 5 वर्षों की अवधि के लिए बहु उद्देशीय स्टॉल (एमपीएस) (6 फीटx10 फीट) का आवंटन, 30.10.2025 को 14.00 बजे। **दर इकाई:** सभी के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क। **न्यूनतम वृद्धि (%):** सभी के लिए 0.2। **लॉट की स्थिति:** सभी के लिए मसौदा सूचीपत्र में नया।
(SDAH-231/2025-26)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**चक्र रेलवे की ट्रेन सेवाओं की नियंत्रण व्यवस्था**

पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के अनुरोध के अनुसार, **देवी काली की प्रतिमाओं के विसर्जन** के सुविधार्थ, चक्र रेलवे की ट्रेन सेवाएं **दिनांक 21.10.2025 (मंगलवार), 22.10.2025 (बुधवार)** एवं **23.10.2025 (गुरुवार)** को 15.00 बजे से अगली सुबह 07.00 बजे तक स्थगित रहेंगी। फलस्वरूप, कथित अवधि के दौरान चक्र रेलवे की नीचे उल्लेखित ट्रेन सेवाएं निम्नानुसार संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी/संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएगी/निरस्त रहेगी: • **टाला में संक्षिप्त यात्रा समाप्त:** (1) **30312** बारासात-माझेरहाट लोकल (टाला में 16.34 बजे), (2) **30122** नैहाटी-बालीगंज जंक्शन लोकल (टाला में 16.14 बजे), (3) **30314** दत्तपुकुर-माझेरहाट लोकल (टाला में 18.58 बजे)। • **टाला से संक्षिप्त यात्रा शुरू:** (1) **30331** माझेरहाट-हाबरा लोकल (टाला से 18.12 बजे), (2) **30111** बालीगंज जंक्शन-बैरकपुर लोकल (टाला से 19.35 बजे), (3) **30313** माझेरहाट-बारासात लोकल (टाला से 20.47 बजे)। • **मार्ग परिवर्तन एवं सियालदह (नॉर्थ) में संक्षिप्त यात्रा समाप्त : 30154** नैहाटी-माझेरहाट लोकल [सियालदह में 18.55 बजे (लगभग)]। • **सियालदह (नॉर्थ) से संक्षिप्त यात्रा शुरू : 30123** माझेरहाट-नैहाटी लोकल (सियालदह से 20.20 बजे)। • **परिवर्तित मार्ग कांकुरगाछी रोड-बालीगंज जंक्शन होकर माझेरहाट तक चलेगी: 30332** हावड़ा-माझेरहाट लोकल [माझेरहाट में 16.05 बजे (लगभग)]। • **माझेरहाट से परिवर्तित मार्ग (कांकुरगाछी रोड) होकर चलेगी : 30353** माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (माझेरहाट से 16.20 बजे)। • **माझेरहाट से अपने निर्धारित मार्ग होकर चलेगी : 30152** नैहाटी-माझेरहाट लोकल (माझेरहाट से 18.05 बजे)। • **परिवर्तित मार्ग बालीगंज जंक्शन होकर चलेगी: 30135** माझेरहाट-रानाघाट लोकल (माझेरहाट से 18.13 बजे)। • **बालीगंज जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त: 30711** लक्ष्मीकांतपुर-माझेरहाट लोकल (बालीगंज जंक्शन में 16.01 बजे)। • **बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू एवं बालीगंज जंक्शन-कांकुरगाछी रोड होकर चलेगी: 30317** माझेरहाट-दत्तपुकुर लोकल (बालीगंज जंक्शन से 17.10 बजे)। • **मार्ग परिवर्तन एवं बालीगंज जंक्शन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त: 30112** बैरकपुर-माझेरहाट लोकल (बालीगंज जंक्शन में 18.10 बजे)। • **बालीगंज जंक्शन से संक्षिप्त यात्रा शुरू - 30552** माझेरहाट-घुटियारी शरीफ लोकल (बालीगंज जंक्शन से 19.58 बजे)। • **ट्रेन सेवाओं का निरसन** - (1) **30416** सियालदह-बी.बी.डी. बाग लोकल (सियालदह से 17.20 बजे)। (2) **30451** बी.बी.डी. बाग-बारुईपुर लोकल (बी.बी.डी. बाग से 18.22 बजे)। **टिप्पणी:** एक सियालदह-बारुईपुर स्पेशल ट्रेन सियालदह से 19.10 बजे रवाना होगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, सियालदह**
**पूर्व रेलवे**
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**ई-नीलामी के माध्यम से दक्षिण पूर्व रेलवे की स्क्रैप बिक्री**

सं. एसईआर/एचक्यू-एसटीओआर0सेल(डीएसपीएल)/1/2025-26 सेल/3 दिनांक: 17.10.2025
अतिरिक्त ई-नीलामी कार्यक्रम

| मंडल | अतिरिक्त ई-नीलामी की तिथि |
|---|---|
| खड़गपुर डिपो | 24.10.2025 को |

**द्रष्टव्य:** कृपया ई-नीलामी की सूची और कैटलॉग के विवरण के लिए, वेबसाइट: www.ireps.gov.in/e-Auction देखें।
(PR-743)
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें**
**हावड़ा और रक्सौल, कोलकाता और गोरखपुर, कोलकाता और मधुबनी एवं आसनसोल और गोरखपुर के बीच**

शुद्धिपत्र

हावड़ा और रक्सौल, कोलकाता और गोरखपुर, कोलकाता और मधुबनी एवं आसनसोल और गोरखपुर के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों के आवागमन के संबंध में इस समाचार पत्र में दिनांक 17.10.2025 को प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि 03133/03134 कोलकाता-गोरखपुर-कोलकाता अनारक्षित स्पेशल ट्रेन और 03529/03530 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल ट्रेन के समस्तीपुर वाले ठहराव को **शाहपुर पटोरी** पढ़ा जाएगा।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**निविदा संख्या:-CAMC2-FLCM-25-26-170**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या CAMC2-FLCM-25-26-170 नियत तिथि 10.11.2025 जारी की जाती है। यह खुली ई.निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** एमसीएफ/आरबीएल की शीट मेटल शॉप में 02 वर्षों के लिए स्थापित मेक-मेसर्स सिस, कोरिया की 02 फाइबर आधारित लेजर कटिंग मशीनों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 97,39,901.89 (रु. सत्तानवे लाख उनतालीस हजार नौ सौ एक और नवासी पैसा मात्र) **धरोहर राशि: (₹)** 1,94,800.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य- रु.5,000.00, कार्य समापन की अवधि- दो वर्ष (24 माह) • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय**-10.11.2025 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्य प्रबंधक/एम. एण्ड पी.

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल/टेण्डर/रोबोटिक यू.एफ.लाइन/2025-26/सी532 आई दिनांक **15.10.2025**, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** कार्यक्षेत्र के अनुसार रोबोटिक अंडर फ्रेम लाइन पर सपोर्टिंग मेम्बर के साथ पूर्ण अंडर फ्रेम का निर्माण। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 5,97,83,402.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **अमानत राशि: (₹)** 4,48,900.00 (रु. चार लाख अड़तालीस हजार नौ सौ मात्र)। **कार्य की मात्रा**-700 अंडर फ्रेम। **कार्य समापन की अवधि**- 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**-06.11.2025 को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल

**ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 50/ईटी./2025-26 दिनांक: 15.10.2025**

| क्र.सं | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11251136ए | किट ऑफ साइड वाल ऑफ एलडब्लूएस (इओजी) कोच | 91 सेट | 09.12.2025 |
| 02 | 03251843 | रेटेंशन टेंक (आरएच) | 900 नग | 12.11.2025 |
| | | रेटेंशन टेंक (एलएच) | 900 नग | |
| 03 | 05251075बी | हार्नेस ऑफ अंडरफ्रेम एंड रूफ अरेंजमेंट फॉर एलएचबी एसी-3 टीयर टाईप कोचेज | 198 सेट | 04.11.2025 |
| 04 | 11251255ए | रूफ आर्च फॉर एलएचबी नॉन एसी कोच | 7000 नग | 07.11.2025 |
| 05 | 13251351ए | सेट ऑफ हाई टेंसिल हार्डवायर फॉर फीएट बोगी | 2937 सेट | 04.11.2025 |
| 06 | 01251176 | ऑस्टेनिटिक स्टील सीट 3x1250x3300 एमएम | 70000 कि.ग्रा. | 07.11.2025 |
| | | ऑस्टेनिटिक स्टील सीट 2x1250x4000 एमएम | 20000 कि.ग्रा. | |
| 07 | 15255278 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशिनिंग एण्ड प्रोविंग आउट ऑफ सीएनसी पाइप बेल्डिंग मशीन | 1 नग | 18.11.2025 |
| | | टोटल कास्ट ऑफ कॉम्प्रिहेंसिव एएमसी फॉर पाँच वर्ष आफ्टर एक्सपायरी ऑफ वारंटी पीरियड ऑफ टू ईयर | 1 नग | |
| 08 | 15255277ए | सप्लाई ऑफ एचएफ कारस टू स्पीसीफीकेशन | 10 नग | 13.11.2025 |
| 09 | 06251100 | सप्लाई एण्ड अप्लाई बेसिस थर्मल कम साउंड इंसुलेशन मटेरीएल फॉर अंडर फ्रेम ऑफ एलएचबी कोचेज | 199310.05 एसक्यूएम | 10.11.2025 |
| | | सप्लाई एण्ड अप्लाई बेसिस थर्मल कम साउंड इंसुलेशन मटेरीएल फॉर रूफ साईड वाल्स ऑफ एलएचबी कोचेज | 4371 एसक्यूएम | |

शुद्धिपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 49/ईटी/2025-26 दिनांक 08.10.2025 | टेन्डर नं. **03251079**सी | निविदा खुलने की तिथि- 14.10.2025 के स्थान पर तिथि 30.10.2025 पढ़ें। |
| 02 | 41/ईटी/2025-26 दिनांक 10.09.2025 | टेन्डर नं. **15255233** | निविदा खुलने की तिथि- 15.10.2025 के स्थान पर तिथि 30.10.2025 पढ़ें। |

वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


MDJ
MAHABIR DANWAR
JEWELLERS
SINCE 1970
LUCKY LAKSHMI
Festival of Delights
October 4 – 19
Open on All Days*
UP TO
70% OFF*
— on Making Charges —
LUCKY DRAW
Lucky Draw Coupon on Purchase above ₹10000*
Chance to Win 1kg Gold with Lucky Lakshmi Scheme*
CASH BACK
Cashback on Credit Card & Bank Transactions above ₹1.5 Lakh*
Old Gold Exchange* & Advance Gold Rate Booking*
KOLKATA Park Street ✆ 80170 77774 | City Centre I ✆ 62921 26010 | Burra Bazar ✆ 62921 26025 DELHI Pitampura ✆ 70653 95945


49 YEARS OF TRUST
RR Agarwal
Jewellers
Rishta Bharose ka
RR AGARWAL
RISHTA BHAROSE KA
Jabardast Discount
on MAKING CHARGES
of all products
OPEN TILL MIDNIGHT
TODAY
T&C Apply
KOLKATA: Camac street | City Centre | Burrabazar
MI ROAD: Jaipur | UDITNAGAR: Rourkela | SEVOKE ROAD: Siliguri
9830661020

# एसआईआर से केवल बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के नाम हटाए जाएंगे : शुभेंदु अधिकारी

**हुगली, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी चिंतित हैं क्योंकि एसआईआर में बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे, जिससे अगले साल राज्य विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा। इस दिन, शुभेंदु अधिकारी ने हुगली जिले के पुरसुरा में भाजपा द्वारा आयोजित एक जनसभा में कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में भारतीय मुसलमानों को चिंता करने की



आवश्यकता नहीं है, क्योंकि केवल बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के नाम ही हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक करोड़ बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे और अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वालों के 19 लाख आधार कार्ड पहले ही निष्क्रिय कर दिए गए हैं। वास्तविक भारतीय नागरिकों, यानी जिन मुसलमानों के पास वैध दस्तावेज हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपको बस अपने दस्तावेज दिखाने होंगे। निश्चिंत रहें, नागरिक के रूप में आपके अधिकार कभी खतरे में नहीं पड़ेंगे। भाजपा नेता ने दावा किया कि सीमा के इस हिस्से में आने वाले बांग्लादेशी हिंदुओं को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी और उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उन्हें धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने के कारण अपनी मातृभूमि छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान के दौरान दक्षिण बंगाल के एक बड़े हिस्से में ढाई घंटे तक कैमरे बंद रखने का आरोप लगाया और आश्वासन दिया कि अगले विधानसभा चुनाव में इस तरह बड़े पैमाने पर फर्जी मतदान अतीत की बात हो जाएगी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि उत्तर बंगाल में बाढ़ के संबंध में भूटान के खिलाफ बनर्जी की टिप्पणी कूटनीतिक नहीं थी। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तर बंगाल में हर जगह बाढ़ के लिए वह अपने शासन को छोड़कर हर किसी को दोषी ठहराती रहती हैं, जबकि उनकी सरकार अनियंत्रित शहरीकरण से हुई तबाही के लिए जिम्मेदार है। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि दक्षिण और उत्तर बंगाल में बाढ़ नियंत्रण के लिए केंद्र द्वारा राज्य को करोड़ों रुपये दिए गए, लेकिन राज्य जलाशयों को भरने से रोकने में विफल रहा, जिसके कारण हर साल बाढ़ आई।

# शिवपुर में अवैध संबंधों के चलते युवक की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के शिवपुर इलाके में विवाहेत्तर संबंध के कारण एक युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रवि प्रसाद (40) के रूप में हुई है। यह घटना गुरुवार की रात कसुंदिया स्थित गणेश माजी लेन के कांचकला मैदान इलाके के एक बहुमंजिला आवास में हुई। पुलिस ने घटना के एक घंटे के भीतर ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित का नाम विकास चौधरी है, जो उसी आवास के एक फ्लैट में रहता था। पता चला है कि उसकी पत्नी और मृतक रवि प्रसाद के बीच लंबे समय से विवाहेत्तर संबंध था। इसी को लेकर दोनों के बीच बार-बार झगड़े होते रहते थे, जो अक्सर फोन पर भी जारी रहते



थे। गुरुवार की रात स्थिति बेकाबू हो गई और गुस्से में विकास ने रवि प्रसाद पर हमला कर दिया। पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही शिवपुर थाने की टीम मौके पर पहुंची। थोड़ी ही देर बाद हावड़ा थाने की पुलिस ने इलाके के एक ठिकाने से फरार विकास को हत्या में इस्तेमाल किए गए चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि हत्या की इस वारदात में विकास के अलावा कोई और शामिल था या नहीं। फिलहाल, आरोपित से लगातार पूछताछ जारी है। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

## वीवो ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया ओरिजिन ओएस

**कोलकाता :** वीवो ने अपने अब तक के सबसे उन्नत ऑपरेटिंग सिस्टम ओरिजिनओएस का ग्लोबल लॉन्च किया, जो एआई युग में मानव और मशीन के बीच संवाद की नई परिभाषा लिखेगा। वीवो के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर शी युजियान ने कहा, पिछले कई वर्षों से वीवो ने 'मोर लोकल, मोर ग्लोबल' के सिद्धांत पर चलते हुए दुनिया भर में अपनी मौजूदगी को मजबूत किया है और यूज़रओं की जरूरतों के अनुरूप अनुभव दिए हैं। जैसे ही हम वीवो की 30वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, हम 'ओरिजिन डिज़ाइन' फिलॉसफी के तहत तीन स्तंभों – स्मूदनेस, डिज़ाइन और एआई – पर आधारित ओरिजिन ओएस 6 के वैश्विक लॉन्च के साथ अगला कदम बढ़ा रहे हैं, जो डिजिटल दुनिया से जुड़ने के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगा।

# राज्य में नकली फिटनेस सर्टिफिकेट का गोरखधंधा, परिवहन विभाग सख्त कार्रवाई के मूड में

**कोलकाता :** राज्य में गाड़ियों के नकली फिटनेस सर्टिफिकेट के कारोबार पर अब परिवहन विभाग सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, राज्य के कई जिलों में बाहरी राज्यों से जारी फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट के सहारे गाड़ियां चल रही हैं। विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण 24 परगना, हावड़ा और हुगली जिलों में लगभग छह हजार से अधिक वाणिज्यिक वाहनों के पास बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात के निजी परीक्षण केंद्रों से जारी किए गए फर्जी सर्टिफिकेट पाए गए हैं।

इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए परिवहन विभाग ने राज्य के सभी पंजीकरण अधिकारियों को वाहनों के डाटाबेस की जांच करने का निर्देश दिया है। जिन गाड़ियों के



फिटनेस सर्टिफिकेट संदिग्ध पाए जाएंगे, उनके मालिकों को नोटिस भेजा जाएगा और दोषी पाए जाने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राज्य सरकार इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय को भी पत्र भेजने की तैयारी कर रही है। सरकार की मांग है कि केवल उचित तकनीकी जांच और वाहन के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही उसके फिटनेस से संबंधित जानकारी वाहन ऐप में अपलोड की जाए।

हाल में हुए परिवहन विभाग के एक आंतरिक जांच में खुलासा हुआ कि कोलकाता और आस-पास के इलाकों में छह हजार से अधिक व्यावसायिक वाहन फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट के आधार पर चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिटनेस जांच की निर्धारित तिथि चूक जाने पर प्रति दिन 50 रुपये का जुर्माना देना पड़ता है, जो एक वर्ष में 18 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। इसी जुर्माने से बचने के लिए कई वाहन मालिक नकली सर्टिफिकेट का सहारा ले रहे हैं।

राज्य सरकार अब इस जालसाजी को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने जा रही है, ताकि सड़क सुरक्षा और परिवहन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जा सके।

# बादुरिया में व्यवसायी का अपहरण, फिरौती मिलने के बाद भी पिटाई

❑ **दो की हालत गंभीर, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बादुरिया थाना अंतर्गत शिमुलतला इलाके में अपहरण और मारपीट की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। आरोप है कि कुछ बदमाशों ने एक मसाला व्यापारी का अपहरण कर 2.60 लाख रुपये की फिरौती वसूली और इसके बाद भी व्यापारी समेत चार लोगों की बेरहमी से पिटाई की। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों को स्थानीय अस्पताल से बसीरहाट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अपहृत व्यापारी का नाम मोमिन मंडल है, जो शिमुलतला का निवासी और



मसाला व्यापार से जुड़ा हुआ है। गुरुवार की दोपहर मोमिन अपने तीन व्यापारिक सहयोगियों के साथ गा-इघाटा जा रहे थे। रास्ते में कुछ बदमाशों ने उनकी कार को रोक लिया। आरोप है कि हथियारबंद बदमाशों ने चारों को गाड़ी से उतारकर एक सुनसान जगह पर ले जाकर बेरहमी से पीटा और उनके पास मौजूद सभी पैसे छीन लिए। इसके बाद, बदमाशों ने मोमिन मंडल के घर फोन कर फिरौती की मांग की। परिवार के लोगों ने किसी तरह 2.6 लाख की राशि पहुंचाई, जिसके बाद भी अपहृतों को नहीं छोड़ा गया। देर रात चारों को गंभीर हालत में एक इलाके में फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें देखकर तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। घायलों को पहले बादुरिया ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया। इस बीच, स्थानीय लोगों ने इलाके में संदिग्ध रूप से घूम रहे एक युवक को पकड़कर जमकर पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि युवक बदमाशों के लिए 'इनफॉर्मर' का काम करता था और अपहरण में उसकी संलिप्तता हो सकती है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अपहरण और फिरौती की साजिश के पीछे असली मास्टरमाइंड कौन है।

# राजस्थान में व्यवसायी की हत्या के मामले में कोलकाता से तीन शूटर गिरफ्तार

❑ **फिल्मी अंदाज में फरार हुआ एक अपराधी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सॉल्टलेक में गुरुवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब गुजरात के चार कुख्यात अपराधियों को पकड़ने गई कोलकाता पुलिस के सामने एक आरोपित फिल्मी अंदाज में पाइप के सहारे इमारत से नीचे उतरकर भागने लगा। पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अब भी फरार है। उक्त अभियान को राजस्थान पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने कोलकाता में स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर अंजाम दिया। गिरफ्तार तीन कुख्यातों के नाम गणपत गुर्जर, धर्मेंद्र गुर्जर और महेश गुर्जर है। चौथा आरोपी जुबैर अहमद अब भी फरार है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये चारों अपराधी



राजस्थान के कुचमान इलाके के एक व्यापारी की हत्या के मामले में वांछित थे। गुप्त सूचना के आधार प कोलकाता पुलिस ने गुरुवार की रात सॉल्टलेक के पूर्वांचल आवास परिसर में छापेमारी की। पहले दो अपराधियों को मौके से पकड़ लिया गया, लेकिन बाकी दो वहां से भाग निकले। भागे हुए अपराधियों में से एक क्लस्टर-फोर इमारत की छत पर जाकर छिप गया और मौका मिलते ह वहां से भागने की कोशिश की। बताया गया कि उसने पहले खुद को पुलिस कर्मी बताकर एक फ्लैट में घुसने की कोशिश की और फिर छत के कार्निश पर जाकर छिप गया। बाद में, वह एक इमारत से दूसरी इमारत में कूद गया और पाइप पकड़कर नीचे उतरने लगा। सुरक्षा कर्मियों और पुलिस ने पीछा किया और आखिरकार फूलबागान थाना अंतर्गत बंगाल अकादमी के पास उसे पकड़ लिया। हालांकि, चौथा अपराधी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और उसकी तलाश जारी है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान गणपत गुर्जर, धर्मेंद्र गुर्जर और जुबेर अहमद के रूप में हुई है, जबकि फरार आरोपित का नाम महेश गुर्जर बताया गया है। इस घटना से सॉल्टलेक के आवासीय इलाकों में दहशत फैल गई है। कोलकाता पुलिस ने कहा है कि फरार आरोपित को जल्द पकड़ लिया जाएगा और हत्या के पूरे मामले की जांच तेज कर दी गई है।

## पूर्व बर्दवान में बस घर में घुसी, नौ घायल

**पूर्व बर्दवान :** जिले के मंतेश्वर क्षेत्र के कुसुमग्राम पुटशुड़ी सड़क पर शुक्रवार की सुबह एक यात्री बस नियंत्रण खो बैठी और सीधे एक घर के अंदर जा घुसी। इस हादसे में चालक और खलासी समेत नौ लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायल लोगों को मंतेश्वर ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बर्दवान अस्प-ताल में स्थानांतरित किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मेमारी-सूटरा रोड की यह बस सुबह सूटरा से कुसुमग्राम जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रहे एक डंपर को पास करते समय बस का संतुलन बिगड़ गया और वह घर में जा घुसी।

# दमदम में 10 साल के बेटे के सामने पति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम के छाताकल इलाके में शुक्रवार को एक महिला ब्यूटी बोस की हत्या उनके पति अमित बोस ने कथित रूप से गला घोंटकर कर दी। उनके 10 वर्षीय बेटे की आंखों के सामने यह घटना हुई। नागेरबाजार थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार आरोपित अमित बोस की तलाश जारी है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि लंबे समय से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था और इसी आक्रोश में हत्या की गई। पुलिस ने महिला का शव आरजी कर अस्पताल में पोस्टमार्टम प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि हत्या केवल गला घोंटने से हुई या कोई और तरीका इस्तेमाल किया गया। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही इसका स्पष्ट पता




चलेगा। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मृत महिला के परिवार ने नागेरबाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 10 वर्षीय नाबालक बेटे को सुरक्षित पाया और उसकी बयान भी दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि हत्या के इस मामले में आरोपित की गिरफ्तारी के लिए इलाके में तलाशी अभियान जारी है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## तालाब से मिला लापता व्यक्ति का शव, परिवार ने हत्या का आरोप लगाया

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नंदकुमार थाना क्षेत्र के कल्याणचक गांव में एक लापता व्यक्ति का शव तालाब से बरामद होने पर हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान विकास बेरा (40) के रूप में हुई है, जो पेशे से बस कंडक्टर थे। वे पिछले तीन दिनों से लापता थे। बताया गया कि स्थानीय लोगों ने गांव के प्राथमिक विद्यालय के पीछे स्थित तालाब में एक शव को तैरते देखा। इसकी सूचना तुरंत नंदकुमार थाने को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मृतदेह को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक के नाक और मुंह से खून के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका गहराती जा रही है। मृतक के परिजनों ने भी हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड ने तक का सर्वोच्च प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) 735 करोड़ रुपये दर्ज किया

**कोलकाता :** एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड (एलटीएफ) ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अब तक का सर्वोच्च प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) 735 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो तिमाही-दर-तिमाही 5% और वर्ष-दर-वर्ष 6% की वृद्धि दर्शाता है। इस तिमाही में, रिटेल बुक साइज़ 1,04,607 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो वर्ष-दर-वर्ष 18% की वृद्धि है। कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए 18,883 करोड़ रुपये का तिमाही रिटेल डिस्बर्समेंट दर्ज किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 25% की वृद्धि है। खुदराकरण इस 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए 98% पर खड़ा है। वित्तीय नतीजों पर बात करते हुए, एलटीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ सुदीप्ता रॉय ने कहा, इस तिमाही में हमारा पूरा ध्यान एक्सेक्यूशन और ग्रोथ पर था।

# दीवाली और धनतेरस पर ज्वेलरी बाजार में रौनक, ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की बहार

**कोलकाता, समाज्ञा :** धनतेरस और दीपावली के आगमन के साथ ही ज्वेलरी बाजार में उत्साह और रौनक का माहौल देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख ज्वेलर्स ने ग्राहकों को लुभाने के लिए मेकिंग चार्जेस में भारी छूट, एक्सक्लूसिव ब्राइडल कलेक्शन और लिमिटेड एडिशन गोल्ड कॉइन्स जैसे आकर्षक ऑफर्स पेश किए हैं। त्योहार और शादी के सीजन के मद्देनजर सोने और हीरे के आभूषणों की खरीदारी में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसी क्रम में आरआर ज्वेलर्स और सावनसुखा ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स पेश किए हैं। **आर.आर अग्रवाल ज्वेलर्स** के **डायरेक्टर रतन लाल अग्रवाल** दीवाली और आगामी शादी के सीजन को ध्यान में रखते हुए आरआर ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा



रतन लाल अग्रवाल



सिद्धार्थ सावनसुखा

की है। ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर जबरदस्त डिस्काउंट दिया जा रहा है, साथ ही अलग-अलग आइटम्स पर भारी छूट भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह ऑफर 20 अक्टूबर तक जारी रहेगा। आरआर ज्वेलर्स ने इस अवसर पर ब्राइडल कलेक्शन भी पेश किया है, जिसमें नेकलेस, बैंगल्स और अन्य पारंपरिक डिज़ा-इनों का नया संग्रह शामिल है। यह कलेक्शन शादी के मौसम में दुल्हनों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। आरआर ज्वेलर्स के डायरेक्टर रतन लाल अग्रवाल ने कहा कि सोने की खरीदारी हमेशा एक समझदारी भरा निवेश है। पिछले धनतेरस के मुकाबले इस वर्ष सोने के दाम लगभग दोगुने हो चुके हैं और आने वाले दिनों में इनके और बढ़ने की संभावना है।

**सावनसुखा ज्वेलर्स** के एमडी **सिद्धार्थ सावनसुखा** सावनसुखा ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए इस साल का सबसे बड़ा ऑफर पेश किया है। इस बार गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर फ्लैट 50 प्रतिशत छूट और डायमंड ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत छूट दी जा रही है। सावनस-ुखा ज्वेलर्स का इस साल का विशेष अभियान डोंट पे हायर मेकिंग चार्जेस थीम पर आधारित है। सोने के बढ़े हुए भाव को देखते हुए यह ऑफर ग्राहकों को सबसे किफायती दरों पर ज्वेलरी खरीदने का अवसर प्रदान करता है। ब्रांड ने बताया कि यह विशेष ऑफर 20 अक्टूबर तक मान्य रहेगा। इसके साथ ही दिवाली के लिए नया फेस्टिव कलेक्शन भी लॉन्च किया गया है, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। इस साल का आकर्षण लिमिटेड एडिशन नंदी कॉइन है, जो हर धनतेरस की तरह इस बार भी हॉट सेलिंग आइटम बना हुआ है।

## हावड़ा में 'वैनिशिंग' स्याही का इस्तेमाल कर चेक धोखाधड़ी, पांच गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के बागनान क्षेत्र में ऋण सत्यापन के नाम पर चेक धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने विशेष 'वैनिशिंग' स्याही से चेक पर 'कैंसल' लिखकर लोगों को ठगा। यह स्याही कुछ समय बाद गायब हो जाती थी, जिससे चेक सामान्य दिखता और बैंक से पैसे निकालने में प्रयोग किया जा सकता था। पुलिस के अनुसार, बागनान निवासी गोलाम कादर के बेटे ने ऑनलाइन ऋण के लिए संपर्क किया था। आरोपियों ने 1.86 लाख रुपये का चेक लेकर उसमें 'कैंसल' शब्द लिख दिया और बाद में राशि निकाल ली। शिकायत मिलने पर बागनान थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी की पूरी राशि बरामद कर ली।

हावड़ा मंडल में सतर्कता –

# हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 के तहत पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तीन माह तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर को दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों और आम नागरिकों में सतर्कता और नैतिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय, बामनगाछी के छात्रों को हावड़ा रेल संग्रहालय का शैक्षणिक दौरा कराया गया। छात्रों को भारतीय रेलवे के इतिहास, कार्यप्रणाली और सतर्कता के महत्व के बारे में बताया गया। पूर्व रेलवे मुख्यालय के अधिकारियों और हावड़ा मंडल के एपीओ-3 ने छात्रों से संवाद कर ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार विरोधी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। साथ ही, सॉर्टिंग यार्ड डिपो में एक सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सहायक यांत्रिक अभियंता (एएमई) ने कर्मचारियों को सतर्कता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमों के पालन और जवाबदेही पर बल दिया।

## स्वच्छ और हरित रेलवे के लिए विशेष अभियान 5.0 के तहत सामूहिक प्रयास



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे के स्वच्छता और सतत विकास के लक्ष्यों के तहत, विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत सियालदह डिवीजन में व्यापक स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान 1 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 तक चल रहा है और इसका उद्देश्य रेलवे नेटवर्क में स्वच्छता, हाइजीन और सततता को बढ़ावा देना है। सियालदह डिवीजन के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग ने विभिन्न स्टेशनों जैसे अगरपाड़ा, बालीगंज, बहरमपुर कोर्ट, बारासात, कृष्णनगर सिटी जंक्शन और नैहाटी में गहन सफाई अभियान और यात्रियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इन पहलों का उद्देश्य यात्रियों और रेलवे स्टाफ को स्वच्छता और सततता के महत्व से अवगत कराना और सभी के लिए स्वच्छ एवं हाइजीनिक वातावरण सुनिश्चित करना था। इसके साथ ही बारुईपुर स्टेशन पर आयोजित अमृत संवाद (इंटरएक्टिव सत्र) में यात्रियों ने स्वच्छता और स्टेशन सुविधाओं पर अपनी राय साझा की। इस संवाद ने रेलवे और यात्रियों के बीच सहयोग को मजबूत किया।

# आसनसोल मंडल ने विशेष अभियान 5.0 के तहत मधुपुर स्टेशन पर 'अमृत संवाद' किया आयोजित

**आसनसोल :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने विशेष अभियान 5.0 के तहत मधुपुर रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों और यात्रियों के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देने के लिए 'अमृत संवाद' का आयोजन किया। यह पहल रेल चौपाल की अवधारणा से प्रेरित है और प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त अमृत काल विजन और पंच प्राण आदर्शों के अनुरूप नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करने का प्रयास है। इस सत्र का संचालन पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन और वाणिज्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया। संवाद में यात्रियों ने स्टेशन की सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, स्वच्छता और सेवा सुधारों पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्हें स्टेशन को स्वच्छ और



सुरक्षित बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया गया।

यात्री संघ, रोटरी क्लब, चैंबर ऑफ कॉमर्स, संवाद एनजीओ और मारवाड़ी मंच के प्रतिनिधियों ने इस संवाद में भाग लिया और मधुपुर स्टेशन पर जारी विकास कार्यों की सराहना की। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मधुपुर स्टेशन में भवन नवीनीकरण, उन्नत प्रती-क्षालय, बुकिंग कॉम्प्लेक्स, प्लेटफॉर्म शेल्टर, साइनेज सिस्टम और स्थानीय कला-संस्कृति को बढ़ावा देने जैसे सुधार किए जा रहे हैं।

# सिंगापुर की बहुसांस्कृतिक विरासत में बंगाली समुदाय के योगदान पर आधारित पुस्तक का विमोचन

**सिंगापुर :** सिंगापुर की बहुसांस्कृतिक विरासत में बंगाली समुदाय के लंबे समय से चले आ रहे योगदान को उजागर करने वाली एक किताब का यहां विमोचन किया गया है। संस्कृति, समुदाय और युवा मामलों के राज्यमंत्री दिनेश वासु दास ने बृहस्पतिवार को टैगोर सोसायटी द्वारा प्रकाशित 'लायन सिटी में बंगाल की गूंज – सिंगापुर में बंगाली प्रवासियों की झलकियां' नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह संकलन साहित्य, संगीत, फिल्म और कला के माध्यम से सिंगापुर में बंगाली समुदाय के इतिहास को दर्शाता है। पुस्तक में बताया गया है कि भारत के विभाजन से पहले अविभाजित बंगाल से आए बंगाली यहां बसने वाले प्रारंभिक लोगों में से एक थे। कार्यक्रम में सिंगापुर में बंगाली समुदाय की लंबी, समृद्ध और अक्सर अनदेखी उपस्थिति पर प्रकाश डाला गया, जिसने देश की बहुसांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया है। स्थानीय साप्ताहिक अखबार 'तबला' ने दिनेश वासु दास के हवाले से कहा, 'टैगोर सोसाइटी ने विभिन्न कला रूपों के माध्यम से अंतर-सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा दिया है और हमारे राष्ट्रीय ताने-बाने को समृद्ध किया है। उनका कार्य यह सुनिश्चित करता है कि अनसुनी कहानियां भी हमारी साझा विरासत का हिस्सा बनें।'

## टाटा साल्ट ने विश्व आयोडीन अल्पता दिवस से दी पहले जागरूकता अभियान को रफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** टाटा साल्ट ने इस साल विश्व आयोडीन अल्पता दिवस (डब्ल्यूआईडीडी-वर्ल्ड आयोडीन डेफिशियेंसी डे) के मौके पर, देश भर के बच्चों में आयोडीन की कमी से पैदा होने वाले विकारों (आईडीडी) से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। टाटा साल्ट आयोडीन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। आयोडीन विशेष रूप से प्रारंभिक बचपन के दौरान मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है। टाटा नमक ने अपने ऑडियो अभियान 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' का विस्तार किया है और देश के दूर-दराज़ इलाकों तक अपनी पहुंच बनाई है। डिजिटल साधनों और टेलीविज़न पर अपनी सफल उपस्थिति के बाद, यह ब्रांड अब प्रमुख परिवहन केंद्रों पर इस प्रचार अभियान का बार-बार प्रसारण कर देश कर ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में भी विस्तार कर रहा है।

# गुजरात कैबिनेट में बड़ा फेरबदल: 19 नये चेहरों को शामिल किया गया, हर्ष संघवी बने उपमुख्यमंत्री

**गांधीनगर :** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को एक बड़े फेरबदल में अपनी मंत्रिपरिषद में 19 नये चेहरों को शामिल किया और अपनी पिछली टीम से छह को बरकरार रखा। हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया जबकि क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली। इस फेरबदल के साथ, मंत्रिपरिषद की कुल संख्या अब मुख्यमंत्री समेत 26 हो गई है, जो पहले 17 थी। कुल 182 सदस्यों वाली राज्य विधानसभा में सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत या 27 मंत्री हो सकते हैं। मंत्रिपरिषद का पुनर्गठन 2027 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से दो साल पहले और स्थानीय निकाय चुनावों से कुछ महीने पहले हुआ। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नये मंत्रियों के साथ-साथ उन नेताओं को भी पद



एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जिन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है और राज्य मंत्रियों से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। सूरत शहर के मुजारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संघवी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह अब तक गृह राज्य मंत्री थे। पटेल के मुख्यमंत्री के रूप में पिछले चार वर्षों के कार्यकाल में यह पहली बार है कि राज्य में उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। आखिरी बार पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत विजय रूपाणी के नेतृत्व वाली सरकार में नितिन पटेल उपमुख्यमंत्री थे। संघवी समेत छह विधायकों को मंत्रिमंडल में बरकरार रखा गया है। सभी 16 मंत्रियों ने हालांकि बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था, लेकिन छह मंत्रियों के इस्तीफे मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किए थे। इन छह में से तीन - कनुभाई पटेल, ऋषिकेश पटेल और कुंवरजी बावलिया - पहले कैबिनेट मंत्री थे, जबकि संघवी, प्रफुल्ल पानसेरिया और पुरुषोत्तम सोलंकी राज्य मंत्री थे। इनमें से केवल संघवी और पानसेरिया ने शुक्रवार को दोबारा शपथ ली। संघवी को उपमुख्यमंत्री और पानसेरिया को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। मंत्रिपरिषद में शामिल किए गए 19 विधायकों में जीतू वाघाणी, अर्जुन मोढवाडिया और मनीषा वकील शामिल हैं। पोरबंदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मोढवाडिया ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। इससे पहले उन्होंने गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद भी संभाला था और वह मार्च 2024 में सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे।

## गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने विभागों का बंटवारा किया, हर्ष संघवी बने गृहमंत्री

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को राज्य मंत्रिपरिषद में बड़े फेरबदल और विस्तार के बाद विभागों का बंटवारा किया। इस फेरबदल में हर्ष संघवी को गृह और उद्योग जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी दी गई है। संघवी को उपमुख्यमंत्री भी बनाया गया है। शाम को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, संघवी को परिवहन, खेल, युवा मामले और नागरिक उड्डयन विभाग भी सौंपे गए हैं। इससे पहले गृह विभाग मुख्यमंत्री के पास था, जबकि संघवी गृह राज्य मंत्री थे। मुख्यमंत्री पटेल ने फेरबदल के बाद कैबिनेट बैठक कर विभागों का आवंटन किया। उन्होंने सामान्य प्रशासन, राजस्व, आपदा प्रबंधन, सड़क एवं भवन निर्माण, नर्मदा, कल्पसर, खान एवं खनिज, बंदरगाह तथा सूचना एवं प्रसारण विभाग अपने पास रखे हैं। कनुभाई देसाई को वित्त और शहरी विकास विभाग मिला, जबकि ऋषिकेश पटेल को ऊर्जा, पेट्रोकेमिकल्स, पंचायत और संसदीय मामलों का विभाग सौंपा गया। जीतू वाघाणी को कृषि, सहकारिता और पशुपालन विभाग दिया गया। नये चेहरों में रवींद्र जडेजा की पत्नी रीवाबा जडेजा को राज्य मंत्री बनाया गया है। उन्हें प्राथमिक, माध्यमिक और प्रौढ़ शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने कुल 19 नए चेहरों को मंत्रिपरिषद में शामिल किया और छह पुराने मंत्रियों को बरकरार रखा।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पुलिस ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया: बीएसएफ प्रमुख



**हैदराबाद :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अन्य सुरक्षा बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। चौधरी ने यहां सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 77वें (नियमित भर्ती) बैच के परिवीक्षार्थियों की 'पासिंग आउट परेड' के निरीक्षण के बाद कहा, ''हमने 'सिंदूर' जैसे अभियानों में देखा कि पुलिस ने सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया।'' उन्होंने कहा कि ऐसा समन्वय याद दिलाता है कि राष्ट्र की सुरक्षा किसी एक संस्था का काम नहीं, बल्कि एक सामूहिक प्रयास है। चौधरी ने कहा कि ऐसे क्षणों में अक्सर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी राज्य की ताकत को लोगों के विश्वास से जोड़ने वाले सेतु का काम करते हैं और वे यह सुनिश्चित करते हैं कि लोकतंत्र अपनी सबसे कठिन परीक्षाओं में भी सफल रहे। बीएसएफ महानिदेशक ने कहा कि अपराध की रोकथाम और जांच से लेकर आतंकवाद का मुकाबला करने, नशीले पदार्थों और तस्करी से निपटने से लेकर जैव विविधता की रक्षा करने और सामाजिक-आर्थिक कानूनों को लागू करने तक आईपीएस का कार्यक्षेत्र बहुत व्यापक और विस्तृत होता है।

## सबरीमला सोना विवाद: एसआईटी रिपोर्ट में दावा, आरोपी ने मूर्तियों से 2 किलोग्राम सोने की हेराफेरी की

**पत्तनमथिट्टा (केरल) :** सबरीमला मंदिर से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रही एसआईटी ने अपनी रिमांड रिपोर्ट में कहा है कि आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी ने 2019 में द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों की 'इलेक्ट्रोप्लेटिंग' को प्रायोजित करने के बाद, उनमें से लगभग दो किलोग्राम सोने की हेराफेरी की थी। जांच अधिकारी एस. शशिधरन ने शुक्रवार को रन्नी स्थित प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में रिमांड रिपोर्ट दाखिल की, जिस दिन पोट्टी को गिरफ्तार कर रिमांड प्रक्रिया के तहत पेश किया गया। अदालत ने पोट्टी को 30 अक्टूबर तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेज दिया है।

## 72 वर्षीय मां ने किडनी दान करके बेटे को दूसरी बार जीवन दिया



**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर में एक दुर्लभ मामले में 72 वर्षीय महिला ने गंभीर बीमारी से जूझ रहे अपने बेटे को किडनी दान करके उसे दूसरी बार जीवन दिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय निवासी कमलेश वर्मा (46) पिछले तीन साल से किडनी की गंभीर बीमारी के चलते डायलिसिस करा रहे थे, लेकिन उनकी हालत में सुधार नहीं हो रहा था, नतीजतन चिकित्सकों ने उन्हें किडनी प्रत्यारोपण की सलाह दी थी। उन्होंने बताया कि कमलेश की मां गंगा वर्मा (72) अपने बेटे को किडनी दान करने के लिए आगे आईं जिसके बाद शहर के शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कुछ दिन पहले कमलेश की किडनी प्रत्यारोपण सर्जरी की गई। अस्पताल के किडनी रोग विभाग के प्रमुख डॉ. रितेश बनोदे ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह प्रत्यारोपण निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण था क्योंकि अपने बेटे को किडनी दान करने वाली महिला की उम्र 72 वर्ष है, लेकिन सर्जरी पूरी तरह सफल रही।'' उन्होंने कहा कि मां-बेटे की यह कहानी अंगदान के प्रति लोगों को प्रेरित करेगी। सर्जरी के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मां-बेटा इन दिनों अपने घर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। ममता की मिसाल कायम करते हुए अपने बेटे को किडनी दान करने वाली गंगा वर्मा ने कहा,अपने बच्चे की जान बचाना एक मां का फर्ज है। अगर मेरी किडनी से बेटे की जान बची है, तो इससे बड़ा सुख मेरे लिए और क्या होगा।

## हर थाली में भोजन: राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन से पोषण समानता की ओर भारत

**नई दिल्ली :** देश के 81 करोड़ नागरिकों को खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लक्ष्य के साथ भारत सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन (एनएफएसएनएम) के माध्यम से व्यापक सुधार कर रही है। वर्ष 2007-08 में शुरू हुआ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) अब खाद्यान्न उत्पादन के साथ-साथ पोषण सुदृढ़ीकरण पर भी केंद्रित है।वर्ष 2024-25 में इस मिशन का नाम बदलकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन (एनएफएसएनएम) रखा गया, जिसके तहत किसानों को बीज, फसल तकनीक, प्रशिक्षण और मिट्टी स्वास्थ्य सुधार में सहायता दी जा रही है। 13 अक्टूबर 2025 तक खरीफ विपणन सत्र 2024-25 में 1.15 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचा है।वहीं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), 2013 के तहत लगभग 78.9 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना ग्रामीण आबादी के 75 प्रतिशत और शहरी आबादी के 50 प्रतिशत तक को कवर करती है। केंद्र सरकार ने इस योजना को जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों तक जारी रखने का निर्णय लिया है, जिस पर लगभग 11.80 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे।खाद्य वितरण में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सरकार ने 'मेरा राशन 2.0' और 'अन्न मित्र' मोबाइल ऐप लॉन्च किए हैं, जबकि 'वन नेशन वन राशन कार्ड' से लाभार्थियों को देश के किसी भी हिस्से से राशन प्राप्त करने की सुविधा मिली है।भारत की यह पहल न केवल खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है, बल्कि भूख और कुपोषण उन्मूलन की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित हो रही है।क्या आप चाहेंगे कि मैं इसे संपादकीय शैली में (थोड़ा विश्ले-षणात्मक लहजे में) या सरकारी प्रेस विज्ञप्ति शैली में तैयार कर दूँ?

## न्यूज इन ब्रीफ

### समीर वानखेड़े की पदोन्नति मामले में तथ्य छिपाने पर केंद्र पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आईआरएस अधिकारी और एनसीबी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े की पदोन्नति से संबंधित एक आदेश की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका में कुछ तथ्यों को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। न्यायमूर्ति नवीन चावला और मधु जैन की पीठ ने इस आचरण की निंदा करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र याचिका दायर करने से पहले सभी तथ्यों का ईमानदारी से खुलासा करेगा। केंद्र उच्च न्यायालय के 28 अगस्त के उस आदेश की समीक्षा का अनुरोध कर रहा था जिसमें सरकार को वानखेड़े की पदोन्नति के संबंध में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिफारिश का पता लगाने और ऐसी कोई सिफारिश होने पर उन्हें पदोन्नत करने का निर्देश दिया गया था।

### प्रतिबंधित उल्फा के हमले में सेना के तीन जवान मामूली रूप से जख्मी

**तिनसुकिया/डिब्रूगढ़/गुवाहाटी :** असम के तिनसुकिया जिले में शुक्रवार तड़के सुरक्षा बलों के शिविर पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) के सदस्यों ने गोलीबारी की, जिसमें सेना के तीन जवान मामूली रूप से जख्मी हुए हैं। यह घटना काकोपथार इलाके में हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि इस तरह के हमलों को अंजाम देने के लिए उल्फा (आई) और म्यांमा से नियंत्रित अन्य समूह समन्वित प्रयास कर रहे हैं। रक्षा प्रवक्ता ने बताया, देर रात करीब 12:30 बजे अज्ञात आतंकवादियों ने एक चलती गाड़ी से काकोपाथर कंपनी के ठिकाने पर गोलीबारी की। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की और साथ ही यह सावधानी भी बरती कि आस-पास के नागरिकों के घरों को कोई नुकसान न पहुंचे।

### जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी नेटवर्क से 'संबंध' रखने के आरोप में उप्र, महाराष्ट्र से दो लोग गिरफ्तार


**धर्मवरम (आंध्र प्रदेश) :** आंध्र प्रदेश पुलिस ने एक स्थानीय संदिग्ध आतंकी और पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्री सत्यसाई जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एस. सतिश कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के अमरोहा के निवासी सज्जाद हुसैन और महाराष्ट्र के मालेगांव निवासी तौफीक आलम शेख के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ये गिरफ्तारियां जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े नूर मोहम्मद के कथित आतंकवादी नेटवर्क की जांच के दौरान मिली खुफिया जानकारी के आधार पर की गई हैं। कुमार ने संवाददाताओं को बताया, नूर मोहम्मद की गिरफ्तारी के बाद मिली खुफिया जानकारी के आधार पर हमारी टीम ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा और महाराष्ट्र के मालेगांव में समन्वित अभियान चलाकर दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जो पाकिस्तान के जिहादी व्हाट्सएप समूहों और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े चैनलों में सक्रिय थे।

## जल शक्ति मंत्रालय में 9,000 से अधिक फाइलों की समीक्षा की गई, 33,940 वर्ग फुट जगह खाली हुई

**नयी दिल्ली :** जल शक्ति मंत्रालय ने सरकार के विशेष अभियान 5.0 के तहत जारी स्वच्छता और दक्षता अभियान की प्रगति की समीक्षा की है। अभियान का उद्देश्य रिकॉर्ड समीक्षा, अपशिष्ट पदार्थों के निपटान और प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर कार्यस्थल के अनुभव को बेहतर बनाना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 16 अक्टूबर को अतिरिक्त सचिव सुबोध यादव की अध्यक्षता में हुई इस समीक्षा में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग के अंतर्गत विभिन्न शाखाओं और क्षेत्रीय संगठनों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। बयान के अनुसार, विभाग ने 9,203 भौतिक फाइलों और 4,233 ई-फाइलों की समीक्षा की है, जिससे 33,940 वर्ग फुट कार्यालय स्थल खाली हुआ है और कबाड़ निपटान से 40.7 लाख रुपये से अधिक का राजस्व हासिल हुआ। निर्धारित लक्ष्यों में से, सांसदों की 135 में से 27 शिकायतें, प्रधानमंत्री कार्यालय की 41 में से 12 शिकायतें, और जनता की 135 में से 84 शिकायतें निपटाई जा चुकी हैं। इसके अलावा, 563 में से 266 स्वच्छता अभियान पूरे किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरएंडपीजी) पोर्टल पर प्रतिदिन सफाई स्थलों की ''पहले'' और ''बाद'' की तस्वीरें और वीडियो अपलोड किए जा रहे हैं।

## दिल्लीवासियों को 2025 में साइबर धोखाधड़ी से 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान : पुलिस

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में साइबर जालसाजों ने इस साल अब तक दिल्लीवासियों से लगभग 1,000 करोड़ रुपये ठगे हैं, जिनमें निवेश घोटाले, डिजिटल गिरफ्तारियां और 'बॉस घोटाले' सबसे आम साइबर अपराध बनकर उभरे हैं। आधिकारिक आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गयी है। 'बॉस घोटाला' एक साइबर हमला है, जिसमें धोखेबाज़ किसी शीर्ष अधिकारी का रूप धारण करके कर्मचारियों को निशाना बनाते हैं। पुलिस ने बताया कि 2024 में, राष्ट्रीय राजधानी में पीड़ितों ने सामूहिक रूप से लगभग 1,100 करोड़ रुपये गंवा दिये, जिनमें से लगभग 10 प्रतिशत राशि सफलतापूर्वक बैंक खातों में ही रोक दी गयी, जिन्हें अदालती आदेशों के



बाद वसूला जाएगा। इस वर्ष, दिल्ली पुलिस ने बैंकों के साथ मिलकर, धोखाधड़ी की गई लगभग 20 प्रतिशत राशि बचाने में कामयाबी हासिल की है, जो 2024 के आंकड़े से लगभग दोगुना है और यह नुकसान पर अंकुश लगाने में एक महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाता है। पुलिस उपायुक्त (इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस) विनीत कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम लोगों से साइबर अपराधों की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल रिपोर्ट करने का आग्रह करते हैं। जब कोई पीड़ित अपराध की सूचना देता है और लेन-देन का विवरण प्रदान करता है, तो हम धोखाधड़ी वाली धनराशि को रोकने के लिए दावा अंकन प्रक्रिया शुरू करते हैं।'' 'इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस', दिल्ली पुलिस की मुख्य साइबर अपराध इकाई है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों को शिकायत दर्ज कराने और साइबर अपराधों से संबंधित प्रश्नों के समाधान में सहायता के लिए 24 समर्पित हेल्पलाइन चौबीसों घंटे काम करती हैं। इसके बाद बैंक धनराशि के लेनदेन का पता लगाते हैं और यदि धनराशि बैंकिंग प्रणाली में रहती है, तो उसे रोक लेते हैं।

## पंजाब डीआईजी भ्रष्टाचार मामला: सीबीआई की छापेमारी में पुलिसकर्मी के घर से और नकदी, सोना जब्त



**चंडीगढ़ :** रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के पुलिस उपमहानिरीक्षक (रोपड़ रेंज) हरचरण सिंह भुल्लर से सीबीआई द्वारा जब्त की गई नकदी 7.5 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसके अलावा 2.5 किलोग्राम सोने के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने भुल्लर को बृहस्पतिवार को एक कबाड़ कारोबारी से कथित तौर पर आठ लाख रुपये की रिश्वत लेने और नियमित मासिक भुगतान की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार देर रात तक पांच करोड़ रुपये नकद, 1.50 किलोग्राम के आभूषण और बेनामी संपत्तियों सहित अचल संपत्तियों से संबंधित अन्य सामान और दस्तावेज मिले थे। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोपी पुलिस अधिकारी को चंडीगढ़ की एक विशेष अदालत में पेश किया जिसके बाद उन्हें शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। केंद्रीय एजेंसी ने तलाशी पूरी होने के बाद कहा कि उसने कुल 7.5 करोड़ रुपये नकद, लगभग 2.5 किलोग्राम सोने के आभूषण, रोलेक्स और राडो जैसे ब्रांडों सहित 26 लक्जरी घड़ियां जब्त की हैं। एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान परिवार के सदस्यों और संदिग्ध बेनामी कंपनियों के नाम पर 50 से अधिक अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज, लॉकर की चाबियां और कई बैंक खातों का विवरण तथा 100 कारतूसों के साथ चार आग्नेयास्त्र भी जब्त किए गए।

## त्रिपुरा में तीन बांग्लादेशी नागरिकों की मौत

### विदेश मंत्रालय ने ढाका के आरोपों को खारिज किया


**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि तीन दिन पहले सीमा पार कर त्रिपुरा के एक गांव से मवेशी चुराने की कोशिश कर रहे तीन बांग्लादेशी तस्करों की मौत एक विवाद के दौरान हुई थी और उसने ढाका के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि भीड़ ने पीट-पीटकर उसकी हत्या की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह घटना 15 अक्टूबर को भारतीय क्षेत्र में लगभग तीन किलोमीटर अंदर की है, जहां तीनों बांग्लादेशी तस्करों की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा, बांग्लादेश के तीन बदमाशों के एक समूह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की और भारतीय क्षेत्र के बिद्याबिल गांव से मवेशी चुराने का प्रयास किया। जायसवाल इस मुद्दे पर मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने (बांग्लादेशी तस्करों ने) स्थानीय ग्रामीणों पर लोहे की रॉड और चाकुओं से हमला किया और उन्हें घायल कर दिया, और एक ग्रामीण को मार डाला। अन्य ग्रामीण वहां पहुंचे और उन्होंने हमलावरों का विरोध किया। जायसवाल ने कहा कि स्थानीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां दो तस्कर मृत पाए गए। उन्होंने कहा, तीसरे तस्कर ने अगले दिन अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीनों के शव बांग्लादेशी पक्ष को सौंप दिए गए हैं।

## केंद्र ने लेह हिंसा की जांच उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने शुक्रवार को लेह में 24 सितंबर को हुई हिंसक झड़पों की उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की घोषणा की, जो लद्दाख के प्रदर्शनकारी समूहों की एक प्रमुख मांग है। लेह में हुई इस झड़प में 1999 के करगिल युद्ध में हिस्सा लेने वाले सैनिक सहित चार लोगों की जान चली गई थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी एस चौहान की अध्यक्षता में जांच आयोग को ''कानून व्यवस्था के हालात बिगड़ने, पुलिस कार्रवाई और इसके परिणामस्वरूप चार लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत'' के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की पड़ताल करनी है। सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहन सिंह परिहार न्यायिक सचिव के रूप में कार्य करेंगे, जबकि आईएएस अधिकारी तुषार आनंद जांच आयोग के प्रशासनिक सचिव होंगे। चौबीस सितंबर को सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़पों में चार नागरिक मारे गए और 90 घायल हो गए थे। ये प्रदर्शनकारी केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग रहे थे।

## हमारा लक्ष्य घरेलू रक्षा उत्पादन को 100 प्रतिशत तक ले जाना है: राजनाथ

**नासिक (महाराष्ट्र) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत घरेलू रक्षा उत्पादन को 100 प्रतिशत तक ले जाने की दिशा में काम कर रहा है क्योंकि विदेशी सैन्य आपूर्ति पर निर्भरता ''सामरिक कमजोरी'' पैदा करती है। सिंह ने तेजस हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए)-एमके1ए की तीसरी उत्पादन पंक्ति और प्रशिक्षण विमान एचटीटी-40 की दूसरी विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। तेजस विमानों के लिए नयी सुविधा के खुलने से 'हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) द्वारा कम से कम 24 एलसीए विमानों का उत्पादन किए जाने की



उम्मीद है। सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ''एक समय था जब देश अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन आज स्थिति बदल गई है। अब भारत 65 प्रतिशत विनिर्माण अपनी धरती पर कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''हम अपने घरेलू विनिर्माण को बहुत जल्द 100 प्रतिशत तक भी ले जाएंगे।'' सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात 25,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है जो कुछ साल पहले 1,000 करोड़ रुपये से भी कम था। उन्होंने कहा, ''हमने 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का लक्ष्य रखा है।''

## गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच में तीन महीने या उससे अधिक समय लग सकता है: सिंगापुर पुलिस

**सिंगापुर :** लोकप्रिय भारतीय गायक एवं गीतकार जुबिन गर्ग की मौत की जांच में करीब तीन महीने और लग सकते हैं तथा इसके बाद जांच रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए 'स्टेट कोरोनर' (जांच अधिकारी) को सौंपी जाएगी। सिंगापुर पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। असम के 52 वर्षीय संगीतकार गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर के सेंट जॉन्स द्वीप के पास डूबने से मौत हो गई थी। वह 20-21 सितंबर को होने वाले 'नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल' में बतौर सांस्कृतिक 'ब्रांड एंबेसडर' हिस्सा लेने सिंगापुर पहुंचे थे। सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने एक बयान में कहा कि गर्ग की मौत की



जांच में ''करीब तीन महीने या उससे अधिक समय लग सकता है''। बयान के अनुसार, ''जांच पूरी होने के बाद निष्कर्ष सिंगापुर के 'स्टेट कोरोनर' को सौंपे जाएंगे, जो यह तय करेंगे कि क्या 'कोरोनर' से जांच कराए जाने की जरूरत है या नहीं।'' पुलिस ने बताया कि जांच जारी रहने के बावजूद गर्ग की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रारंभिक निष्कर्षों की प्रति एक अक्टूबर को भारत के उच्चायोग को उसके अनुरोध पर साझा की गई थी। बयान के अनुसार, एसपीएफ ने कहा कि वह मामले की ''गहन जांच'' के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें समय लग सकता है। पुलिस ने कहा, ''हम संबंधित पक्षों से धैर्य और समझदारी की अपेक्षा करते हैं। इस बीच, हम लोगों से अपील करते हैं कि वे अटकलें लगाने और अपुष्ट जानकारी फैलाने से बचें।''

### जुबिन गर्ग मौत मामले में दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**गुवाहाटी :** गायक जुबिन गर्ग की पिछले महीने सिंगापुर में हुई मौत के सिलसिले में उनके दो बैंड सदस्यों शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सिंगापुर में पिछले महीने जुबिन की मौत के सिलसिले में दोनों की 14 दिन की पुलिस रिमांड समाप्त होने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया और बाद में कामरूप मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा न्यायिक हिरासत में भेज दिए जाने के बाद उन्हें अलग-अलग पुलिस वैन में ले जाया गया।

## महाप्रबंधक ने किया नवनिर्मित व्हील एवं बोगी शेड का उद्घाटन

**रायबरेली,समाज्ञा :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक शुक्रवार को नवनिर्मित व्हील एवं बोगी शेड का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के कर कमलों द्वारा आरेडिका के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया। आरेडिका को 1000 कोच निर्माण की क्षमता हेतु स्थापित किया गया था। लेकिन निर्माण क्षमता में आरेडिका लगातार वृद्धि कर रहा है, अतः उत्पादन को गति देने के लिए अवसंरचना में विस्तार करना भी आवश्यक होता है। जिससे कोच निर्माण में उपयोग होने वाले व्हीलों एवं बोगियों के उचित रख-रखाव हेतु लम्बे समय से एक अतिरिक्त शेड की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसलिए अभियांत्रिकी विभाग एवं विद्युत विभाग के सहयोग से 3060 स्क्वायर मीटर के नये व्हील एवं बोगी शेड का निर्माण कार्य किया गया है। महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि यह अवसंरचना विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके निर्माण से रेल डिब्बा के उत्पादन में वृद्धि होगी एवं अतिरिक्त व्हील एवं बोगी प्रबंधन में मदद मिलेगी। इसके साथ ही महाप्रबंधक महोदय ने वन्देभारत में लगने वाले




सीटों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य, अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आभा जैन, सीएमएम/फर आर के सिंह, सीएमएम/बोगी सुशील झा, सीएमएम/शेल के के कनौजिया, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द एवं सिविल एवं विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पढ़ लिख कर ही हम देश और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं : योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर को उद्धत करते हुए कहा कि पढ़ लिख कर ही हम देश और समाज के लिए कुछ कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित दशमोत्तर एवं पूर्वदशम छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार दशमोत्तर एवं पूर्वदशम छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 10,28,205 छात्र/छात्राओं को 297.95 करोड़ रुपये की धनराशि के हस्तांतरण हेतु आयोजित कार्यक्रम में योगी शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2016-17 तक प्रदेश के अंदर केवल 46 लाख विद्यार्थी स्कॉलरशिप का लाभ पाते थे, आज यह संख्या बढ़कर 62 लाख तक पहुंच गई है। योगी ने कहा कि



छात्रवृत्ति का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है ताकि वे अपनी ऊर्जा से समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में दशमोत्तर एवं पूर्वदशम के 10,28,205 छात्र-छात्राओं को 297.95 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि किसी भी युवा, छात्र-छात्रा, खास तौर पर अनुसूचित जाति और जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। उन्होंने दीपावली से पूर्व मिले इस उपहार के लिए सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को हृदय से बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। योगी ने कहा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी बार-बार कहते थे-पढ़-लिखकर ही हम स्वावलंबन का जीवन व्यतीत कर सकते हैं और अपने देश व समाज के लिए कुछ कर सकते हैं।

### कांग्रेस-सपा 'फूट डालो, शासन करो' की नीति अपना रही: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर अंग्रेज़ों की 'फूट डालो और शासन करो' नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का संकल्प एक भारत-श्रेष्ठ भारत है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह से संबंधित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने यहां राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में आरोप लगाया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और विपक्षी दलों का 'इंडिया' गठबंधन अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीति को आज भी अपनाए हुए हैं।

### बिहार चुनाव के पहले चरण के लिए 1,250 से अधिक नामांकन दाखिल

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस दौरान सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जहां आत्मविश्वास से भरा चुनाव अभियान चला रहा है, वहीं विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में भ्रम की स्थिति नजर आ रही है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, पहले चरण के 121 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अब तक 1,250 से अधिक उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। यह संख्या और बढ़ सकती है क्योंकि कई जिलों से आंकड़े आने बाकी हैं। कम-से-कम आधा दर्जन सीटों पर 'इंडिया' गठबंधन के एक से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि यदि इनमें से कोई प्रत्याशी 20 अक्टूबर तक नाम वापस नहीं लेता है तो फ्रेंडली फाइट की स्थिति बन सकती है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, तीन वामदलों और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) वाले गठबंधन में अब तक सीटों के बंटवारे को लेकर स्पष्टता नहीं है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### शाह और प्रधान ने की नीतीश कुमार से मुलाकात

**पटना:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके पटना स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय में हुई जब विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन था। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक के दौरान विधानसभा चुनाव की रणनीति और प्रचार को लेकर चर्चा हुई। शाह और कुमार की इस मुलाकात में जनता जद (यूनाइटेड) और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। इससे पहले बृहस्पतिवार को शाह ने स्पष्ट किया था कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बिहार विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा था कि चुनाव के बाद राजग विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री पद पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### लखनऊ से रवाना होगी ब्रह्मोस की पहली खेप, शनिवार को रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री करेंगे शुरुआत

**लखनऊः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरोजिनी नगर स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई से तैयार की गई ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप शनिवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि यह दिन न केवल 'उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' (यूपीडीआईसी) के लिए मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भारत के रक्षा उत्पादों में आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस, जो विश्व की सबसे तेज और घातक सटीक प्रहार क्षमता वाली ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली की निर्माता है, ने लखनऊ की नई 'इंटीग्रेशन एंड टेस्ट' सुविधा से मिसाइल की पहली खेप सफलतापूर्वक तैयार कर ली है। यह अत्याधुनिक इकाई 11 मई 2025 को उद्घाटन के बाद पूरी तरह संचालन में आई थी। बयान के मुताबिक, कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री 'बूस्टर डॉकिंग' प्रक्रिया का अवलोकन भी करेंगे। इसी क्रम में 'ब्रह्मोस सिम्युलेटर' उपकरणों का प्रस्तुतिकरण भी होगा। इसके अलावा पौधारोपण और अन्य कार्यक्रम भी होंगे।

### घड़ियाली आंसू बहाने वाले कांग्रेस और गांधी खानदान की असलियत जनता जानती है : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की फतेहपुर में दलित परिवार से मुलाकात को लेकर उन पर तीखा हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि घड़ियाली आंसू बहाने वाले कांग्रेस और गांधी खानदान की असलियत जनता जानती है। रायबरेली जिले के ऊंचाहार क्षेत्र में फतेहपुर जिले के निवासी अनुसूचित जाति के हरिओम वाल्मीकि (40) की ड्रोन चोरी के शक में एक और दो अक्टूबर की दरम्यानी रात भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। बाद में मारपीट और हरिओम के शव के वीडियो ऑनलाइन सामने आए, जिससे लोगों में व्यापक आक्रोश फैल गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार सुबह फतेहपुर पहुंच कर वाल्मीकि परिवार से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिया और भाजपा सरकार को दलित विरोधी बताया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांधी की फतेहपुर में वाल्मीकि परिवार से मुलाकात के कुछ देर बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''श्री राहुल गांधी जी आपको शर्म आनी चाहिए। यह आपका फोटो खिंचवाने का कार्यक्रम मात्र है।'' पोस्ट में मौर्य ने कहा कि 'सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान और सुरक्षा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, संबंधित मामले में कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## 'परिवारवाद की राजनीति' को खारिज कर 'प्रदर्शन की राजनीति' को चुनें बिहार के लोग: शाह

**पटना:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के लोगों को परिवारवाद की राजनीति'' को खारिज करते हुए प्रदर्शन की राजनीति को चुनना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रदेश में 'जंगलराज' की कभी वापसी नहीं हो। उन्होंने पटना के ज्ञान भवन में बुद्धिजीवियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसी पार्टियां वंशवाद को बढ़ावा देती हैं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सुशासन और विकास की राजनीति का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा, जनता को यह तय करना होगा कि वह प्रदर्शन की राजनीति चाहती है या परिवार की राजनीति। कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां केवल परिवार के हितों के लिए काम करती हैं, जबकि





राजग सरकार ने बिहार को जंगल राज से बाहर निकालकर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। गृह मंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि यह पहला विधानसभा चुनाव होगा जिसमें पूरे बिहार में मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा, क्योंकि राज्य अब नक्सलमुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार को जंगल राज से मुक्त कर सुशासन की नींव रखी है। शाह ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा, नीतीश जी ने 15 वर्षों तक बिहार की खोई हुई गरिमा को बहाल किया और अब नया व विकसित बिहार बनाने की आधारशिला रखी है। उन्होंने सुशासन की नींव डाली, इसलिए उन्हें 'सुशासन बाबू' कहा जाता है।

## न्यूज अपडेट

### बिहार चुनाव: सम्राट चौधरी के हलफनामे से उनकी उम्र और शैक्षणिक योग्यता पर विवाद



**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर तारापुर निर्वाचन क्षेत्र से बिहार विधानसभा चुनाव लड़ रहे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने हलफनामे में 10 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल संपत्ति घोषित की है लेकिन उनकी उम्र और शैक्षणिक योग्यता को लेकर विवाद की गुंजाइश बनी हुई है। वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ने बृहस्पतिवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके हलफनामे के अनुसार, उन पर दो आपराधिक मामले लंबित हैं। इनमें से एक मामला पटना में दर्ज है जिसमें उन पर 2023 में निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने का आरोप है और दूसरा मामला उनके गृह जिले मुंगेर का है जिसमें उन पर पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया था। चौधरी एक दशक से अधिक समय बाद विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वह राज्य विधान परिषद में उनका लगातार दूसरा कार्यकाल है। उनके पास स्वयं के नाम पर 99.32 लाख रुपए की चल संपत्ति और 8.28 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति है। भाजपा के वरिष्ठ नेता के 23 पृष्ठों के हलफनामे में उनकी आयु और शैक्षिक योग्यता से जुड़े अस्पष्ट विवरणों ने राजनीतिक हलकों में चर्चा को जन्म दे दिया है। चौधरी की जन्मतिथि और शैक्षणिक योग्यता जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा उन पर लगाए गए आरोपों के कारण हाल के दिनों में सुर्खियों में रही है।

### झांसी में अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को चार-चार वर्ष कैद की सजा

**झांसी (उप्र):** झांसी जिले की एक अदालत ने शहर में अनधिकृत रूप से रहने वाले दो बांग्लादेशी नागरिकों को दोषी करार देते हुए चार- चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) तेज सिंह गौर ने बताया कि मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) सुनील कुमार यादव की अदालत ने बृहस्पतिवार को सुलेमान उर्फ जिलमल निवासी कुंवर खली मजरथ, (बांग्लादेश) एवं जाकिर उर्फ असलम निवासी खुंतकाटा, भगोर (बांग्लादेश) को अवैध रूप से रहने का दोषी पाते हुए चार-चार वर्ष कारावास सहित 50-50 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### बिहार में पांच वर्षों में 17 विधायकों ने पाला बदला, विधानसभा ने पारित किए 99 विधेयक

**पटना:** बिहार में पिछले पांच वर्षों के दौरान कुल 243 विधायकों में से 17 ने अपने दल बदले, जबकि विधानसभा में 99 विधेयक पेश किए गए और ये सभी पारित हुए। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) और 'बिहार इलेक्शन वॉच' द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। वर्ष 2020 से 2025 के दौरान विधानसभा के कुल 15 सत्र हुए, जिनमें 146 बैठकें हुईं। रिपोर्ट के अनुसार, विधानसभा की वेबसाइट से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित अध्ययन में पाया गया कि 243 विधायकों ने कुल 22,505 प्रश्न पूछे, जिनमें ग्रामीण कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और जल संसाधन से जुड़े विषय सबसे प्रमुख रहे। सबसे अधिक प्रश्न पूछने वालों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अरुण शंकर प्रसाद (275 प्रश्न), कांग्रेस के मनोज प्रसाद सिंह (231) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुकेश कुमार यादव (230) शामिल रहे। दलवार औसत में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माकपा (माले) लिबरेशन के विधायकों ने सर्वाधिक सक्रियता दिखाई, जबकि सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) और भाजपा के विधायकों ने भी प्रश्नों की उल्लेखनीय संख्या दर्ज की। 'बिहार इलेक्शन वॉच' के राजीव कुमार ने बताया गया कि ग्रामीण कार्य, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर सबसे अधिक 3,000 से अधिक प्रश्न पूछे गए, जो जनता की प्राथमिकताओं को दर्शाते हैं। विधानसभा सत्रों के दौरान 2021 से 2025 के बीच पारित प्रमुख विधेयकों में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस विधेयक, 2021, बिहार निवारण अपराध विधेयक, 2024, और जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 शामिल हैं। कुमार ने बताया कि विधानसभा की पारदर्शिता में सुधार हुआ है, और सत्रों की नियमितता बनी रही है। उन्होंने कहा कि कई मंत्रियों और वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति का डेटा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराया गया।

### अयोध्या : राम की पैड़ी पर बनेगी 80 हजार दीयों की रंगोली, धाम में 20 विशेष सेल्फी प्वाइंट

**अयोध्या, (उप्र) :** अयोध्या में राम की पैड़ी पर 80 हजार दीयों से सजी रंगोली बनेगी। वहीं, अयोध्या धाम को और भव्य स्वरूप देने के लिए 20 विशेष सेल्फी प्वाइंट तैयार किए जा रहे हैं। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार का नवम दीपोत्सव-2025 अयोध्या को नयी सांस्कृतिक ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। रामनगरी न केवल लाखों दीपों की रोशनी में नहाएगी, बल्कि उत्तर प्रदेश की लोक कला, परंपरा और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम भी प्रस्तुत करेगी। इस वर्ष राम की पैड़ी का दृश्य सबसे अलग होगा, जहां 80 हजार दीयों से सजाई जा रही रंगोली अद्भुत दृश्य पेश करेगी, जो भक्तिभाव, सौंदर्य और कला की गहराई को एक साथ दर्शाएगी। बयान के अनुसार अयोध्या दीपोत्सव के इतिहास में पहली बार राम की पैड़ी पर इतनी बड़ी दीप-रंगोली बनाई जा रही है। यह पारंपरिक चौक पूरने की कला पर आधारित है, जिसमें मिट्टी के दीयों, रंगों और फूलों का संयोजन किया जा रहा है। इस अद्वितीय रंगोली में लगभग 80 हजार दीपों को इस प्रकार सजाया जाएगा कि ऊपर से देखने पर यह ईश्वर आगमन के प्रतीकात्मक रूप में नजर आएगी मानो खुद श्रीराम के आगमन के स्वागत में धरती सजी हो। रंगोली की डिज़ाइन में कलश, स्वास्तिक और कमल पुष्प जैसे पारंपरिक प्रतीकों का समावेश किया गया है।





# विश्व जूनियर पदक जीतने वाली तन्वी 17 साल में पहली भारतीय, हुड्डा चूकी

**गुवाहाटी:** तन्वी शर्मा बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पदक पक्का करने वाली 17 साल में पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई जिन्होंने एक गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जापान की साकी मत्सुमोतो को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। सोलह वर्ष की तन्वी ने मत्सुमोतो को 47 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 13 . 15, 15 . 9, 15 . 10 से हराया। वहीं आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की अन्यापत फिचित्प्रीचसक से 12 . 15, 13 . 15 से हारकर बाहर हो गई। उन्नति ओडिशा ओपन सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे युवा भारतीय बनी थी और भारत की 2022 उबेर कप टीम का भी हिस्सा थी। भारत की भव्या छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी चीनी ताइपे के हुंग बिंग





फू और चोउ युन अन से 9 . 15, 7 . 15 से हारकर बाहर हो गई। पुरुष युगल में भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोबुरु की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें चीन की एशियाई जूनियर चैंपियन चेन जुन टिंग और लियू जुन रोंग की जोड़ी से 12 . 15, 10 . 15 से शिकस्त मिली। अबतक सिर्फ तीन भारतीय खिलाड़ी विश्व जूनियर चैम्पियनशिप पदक जीतने वाली भारत की महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल थी जिन्होंने 2008 में पुणे में स्वर्ण पदक जीता था। साइना ने 2006 में रजत पदक जीता था जबकि अर्पणा पोपट ने 1996 में रजत पदक हासिल किया था। लड़कों के एकल क्वार्टर फाइनल में ज्ञान दत्तू को चीन के तीसरी वरीयता प्राप्त लियू यांग मिंग यू ने 15 . 11, 15 . 13 से हराया।

### मलेशिया को 2-1 से हराकर भारत सुल्तान ऑफ जोहोर कप के फाइनल में




**जोहोर बाहरू (मलेशिया):** भारत ने शुक्रवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप मैच में मेजबान मलेशिया को 2-1 से हराकर सुल्तान ऑफ जोहोर कप जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत के लिए गुरजोत सिंह (22वें मिनट) और सौरभ आनंद कुशवाहा (48वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल 43वें मिनट में नवनीश पैनिकर ने किया। भारतीय टीम अब शनिवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारत ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 12वीं बार हिस्सा लेते हुए, रिकॉर्ड आठवीं बार फाइनल में जगह बनाई है।

### बोरा के छह विकेट से बंगाल 323 रन पर सिमटी, बल्लेबाजों ने उत्तराखंड को वापसी कराई

**कोलकाता:** देवेंद्र सिंह बोरा की शानदार गेंदबाजी और प्रशांत चोपड़ा व कप्तान कुणाल चंदेला की जिम्मेदार पारियों की बदौलत उत्तराखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले के तीसरे दिन बंगाल के खिलाफ मजबूत वापसी की। बंगाल ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 274 रन से की, लेकिन बोरा के करिश्माई स्पेल के सामने पूरी टीम 323 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज बोरा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 79 रन देकर छह विकेट झटके। उन्होंने सुबह सत्र में सुमंत गुप्ता (82) और आकाश दीप को आउट कर बंगाल की 350 रन के पार जाने की उम्मीदों पर विराम लगाया। आखिरी चार विकेट केवल 49 रन पर गिरे। इसके जवाब में उत्तराखंड ने शानदार बल्लेबाजी की। स्टंप तक टीम ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 165 रन बनाकर 55 रन की बढ़त ले ली। सलामी बल्लेबाज अवनीश सुधा (1) के जल्दी आउट होने के बाद प्रशांत चोपड़ा (82) और कप्तान कुणाल चंदेला (नाबाद 68) ने दूसरे विकेट के लिए 146 रन की अहम साझेदारी की। चोपड़ा ने 10 चौके लगाए और तेज बल्लेबाजी की, जबकि चंदेला ने संयमित खेल दिखाया। सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 15 ओवर में मात्र 21 रन दिए लेकिन कोई विकेट नहीं ले सके। उत्तराखंड अब अपनी बढ़त को और बढ़ाकर मैच ड्रॉ कराने की दिशा में बढ़ेगा। सूरत में हरियाणा ने पार्थ वत्स (110 नाबाद) के शतक से रेलवे को 96 रन से हराया, जबकि दिल्ली ने सेना के खिलाफ त्रिपुरा फॉलो-ऑन में संघर्ष कर रही थी।

# रोहित और कोहली को हर मैच में आजमाना बेवकूफी होगी: अगरकर

**नयी दिल्ली:** चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर ने शुक्रवार को कहा कि सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का 'आकलन' होगा लेकिन प्रत्येक मैच में उन्हें आजमाना 'बेवकूफी' होगी। रोहित और कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ सात महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के करीब हैं और इस तरह की अटकलें हैं कि दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले 2027 विश्व कप से पहले इन दोनों पूर्व कप्तानों के प्रदर्शन की प्रत्येक श्रृंखला में समीक्षा होगी। अगरकर ने 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट' के दौरान कहा, 'प्रत्येक मैच में उन्हें आजमाना बेवकूफाना होगा। जब वे खेलना शुरू कर देंगे तो उनका आकलन होगा लेकिन उनकी जगह खतरे में नहीं है।' कुछ हफ्ते पहले शुभमन गिल को नया एकदिवसीय कप्तान घोषित करने के बाद अहमदाबाद में कही गई अपनी बात को दोहराते हुए अगरकर ने एक बार फिर उस टूर्नामेंट के लिए टीम के चयन पर अपनी प्रतिबद्धता से परहेज किया जो अभी दो साल दूर है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, 'इसका मतलब यह





नहीं है कि अगर वे ऑस्ट्रेलिया में रन नहीं बनाते हैं तो उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाएगा और इसी तरह अगर वे ऑस्ट्रेलिया में तीन शतक बनाते हैं तो उन्हें 2027 विश्व कप के लिए चुना जाएगा।' अगरकर ने यह भी स्पष्ट किया कि कोहली और रोहित ने टेस्ट क्रिकेट छोड़ने का फैसला स्वयं किया था और चयन समिति उनके अनुभव से खुश होती। उन्होंने कहा, ''हमें अगर कहीं अनुभव की जरूरत होती तो वह जगह इंग्लैंड होती। दोनों दिग्गज खिलाड़ी हैं और उन्होंने हमारे से संपर्क किया था।

### रोहित, कोहली की मौजूदगी में गिल को कप्तान के तौर पर बेहतर होने का मौका मिलेगा: अक्षर

**पर्थः** बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारतीय वनडे टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी शुभमन गिल को एक कप्तान के तौर पर बेहतर होने में मदद करेगी। भारतीय टीम रविवार को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। टीम के यहां पहुंचने के बाद दूसरे अभ्यास सत्र के बाद अक्षर ने कहा कि मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार भारत के लिए खेलने को तैयार रोहित और कोहली पहले की तरह ही चुस्त दिख रहे हैं। भारत ने रोहित की अगुवाई में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बावजूद गिल को इस दौरे पर वनडे टीम की कमान सौंपी गयी है। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ एक संयुक्त बातचीत में कहा, 'गिल के लिए यह एकदम सही है। रोहित भाई और विराट भाई मौजूद हैं और इसके साथ ही वे कमान भी रहे हैं। इसलिए वे अपना योगदान भी दे सकते हैं। ऐसे में कप्तान के तौर पर गिल का अच्छा विकास होगा।' उन्होंने कहा, 'गिल की कप्तानी में अब तक जो अच्छी बात रही है, वह यह है कि उन पर दबाव हावी नहीं हुआ है।'

### सात्विक-चिराग की जोड़ी डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में

**ओडेन्से (डेनमार्क):** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के मुहम्मद रियान अर्दियांतो और रहमत हिदायत को हराकर डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 65 मिनट तक चले कड़े क्वार्टर फाइनल में गैर-वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-15, 18-21, 21-16 से हराया। भारतीय जोड़ी अब चीन के चेन बो यांग और यी लियू की आठवीं वरीय जोड़ी तथा जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेगी। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने अपने शुरुआती दो दौर में स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली तथा चीनी ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन की जोड़ी को हराया था।

### भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में 136वें स्थान पर लुढ़की

नयी दिल्ली| एशियाई कप के क्वालीफाइंग मैच में सिंगापुर के खिलाफ ड्रॉ और हार के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम शुक्रवार को फीफा रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान के साथ 136वें स्थान पर खिसक गई, जो पिछले नौ साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। सिंगापुर के खिलाफ ड्रॉ और हार के बाद टीम की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदें भी खत्म हो गईं। भारतीय टीम पिछली रैंकिंग में 134वें स्थान पर थी लेकिन अब कुवैत से एक स्थान नीचे और बोत्सवाना से एक स्थान ऊपर है। भारतीय टीम इससे पहले नवंबर 2016 में 137वें स्थान पर थी। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 रही है।




वर्ष 10, पूर्णांक 3387 अंक 197, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in